हिंदी दैनिक

नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, शनिवार, 15 फरवरी 2025 | अंक 124/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

जनवरी में थोक महंगाई दर में राहत

दिसंबर के 2.37 फीसदी से घटकर 2.31 फीसदी पर पहुंचा

नई दिल्ली.

खाद्य वस्तुओं विशेषकर सब्जियों की कीमतों में गिरावट के कारण जनवरी में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति कम होकर 2.31 प्रतिशत पर आ गई।

वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए गए। दिसंबर 2024 में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 2.37 प्रतिशत थी। जनवरी 2024 में यह 0.33 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार,

खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 5.88 प्रतिशत रह गई, जबकि दिसंबर 2024 में यह 8.47 प्रतिशत थी। सब्जियों की मुद्रास्फीति उल्लेखनीय रूप से घटकर 8.35 प्रतिशत रह गई, जबकि दिसंबर 2024 में यह 28.65 प्रतिशत थी।

आलू की मुद्रास्फीति 74.28 प्रतिशत पर उच्च स्तर पर बनी रही, तथा प्याज की मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 28.33 प्रतिशत हो गई। ईंधन और बिजली श्रेणी में जनवरी में 2.78 प्रतिशत की अपस्फीति देखी गई, जबकि दिसंबर में 3.79 प्रतिशत की अपस्फीति थी। विनिर्मित वस्तुओं में मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 में 2.14 प्रतिशत की तुलना में 2.51 प्रतिशत रही।

ईंधन और बिजली में 2.78 प्रतिशत की अपस्फीति देखी गई

❑ बुधवार को जारी खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पता चला कि खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 4.31 प्रतिशत रह गई जो पांच महीने का निम्नतम स्तर है।

सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी एफ06-5जी

गुरुग्राम.

भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज देश में अपना सबसे किफायती 5जी स्मार्टफोन गैलेक्सी एफ06- 5जी लॉन्च करने की घोषणा की। यह स्मार्टफोन उच्च प्रदर्शन और शानदार स्टाइल के बेहतरीन संयोजन के साथ 5जी सेगमेंट में नई क्रांति लाने के लिए तैयार है। यह किफायती दाम में बेहतरीन 5जी अनुभव प्रदान करेगा, जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक एफ06- 5जी तकनीक पहुंचेगी और पूरे देश में इसका विस्तार तेजी से होगा। गैलेक्सी एफ06- 5जी सभी टेलीकॉम ऑपरेटरों के 12 एफ06- 5जी बैंड को सपोर्ट करता है। सैमसंग इंडिया के

एमएक्स बिजनेस के जनरल मैनेजर अक्षय एस. राव ने कहा, "हमें अपने सबसे किफायती 5जी स्मार्टफोन की घोषणा करते हुए बेहद गर्व हो रहा है। यह अगली पीढ़ी की कनेक्टिविटी को सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। गैलेक्सी एफ06 5जी का लॉन्च हमारी इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हम डिजिटल खाई को पाटने और लाखों उपभोक्ताओं को संपूर्ण 5जी अनुभव, दमदार परफॉर्मेंस और नए स्टाइलिश डिजाइन के साथ सशक्त बनाना चाहते हैं। यह स्मार्टफोन सिर्फ एक डिवाइस नहीं, बल्कि हर भारतीय के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलने जैसा है।

इसकी शुरुआती कीमत 9499 रुपये रखी गई है। गैलेक्सी एफ 06- 5जी में दमदार बैटरी दी गई है, जिससे आप बिना रुकावट के ब्राउज़िंग, गेमिंग और बिंज वॉचिंग का आनंद ले सकते हैं। यह स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं को पूरे दिन कनेक्टेड, मनोरंजक और उत्पादक बनाए रखने में मदद करता है। इसके साथ ही, यह सेगमेंट में सबसे तेज़ 25 फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करता है, जिससे कम समय में ज्यादा पावर मिलती है।

आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड की राजस्व में 34 फीसदी वृद्धि

मुंबई. आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड, जो भारत में 50 से अधिक प्रकार के रेफ्रिजरेशन उपकरणों का अग्रणी निर्माता और अभिनव कूलिंग समाधान प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनी है, ने 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने बाजार में मजबूत मांग और परिचालन दक्षताओं के कारण उल्लेखनीय राजस्व वृद्धि दर्ज की है। आइस मेक के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक श्री चंद्रकांत पटेल ने कहा, "हमारी उच्च-गुणवत्ता वाले कूलिंग समाधानों और बाजार विस्तार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि 34 फीसदी की मजबूत वार्षिक राजस्व वृद्धि हुई है। हालांकि, बढ़ती परिचालन लागत का लाभप्रदता पर कुछ प्रभाव पड़ा है, फिर भी हम दक्षता सुधार और रणनीतिक विकास पहलों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बाजार की मांग सकारात्मक बनी हुई है, और हमें विश्वास है कि हम रेफ्रिजरेशन उद्योग में उभरते अवसरों का लाभ उठाकर अपने राजस्व लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे। हमारा लक्ष्य 2025 में ₹500 करोड़ और 2027-28 तक ₹1,000 करोड़ का राजस्व हासिल करना है।"

वोक्हार्ट हॉस्पिटल, 'एक्सलन्स इन क्रिटिकल केअर अवॉर्ड' से सम्मानित

क्रिटिकल केअर में नया मापदंड स्थापित

नागपूर.

मध्य भारत की प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संस्था वोक्हार्ट हॉस्पिटल, नागपूर को असोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआय) द्वारा प्रतिष्ठित "एक्सलन्स इन क्रिटिकल केअर अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार ने उनके रोगी सेवा में निरंतर उत्कृष्टता को उजागर किया है और नागपूर एवं महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में उत्कृष्ट क्रिटिकल केयर सेवा प्रदान करने वाले अग्रणी अस्पताल के रूप में स्थापित किया है। वोक्हार्ट हॉस्पिटल, नागपूर के केंद्र प्रमुख रवी बाग़ली ने कहा, "गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवा देने की हमारी प्रतिबद्धता को इस सम्मान से और भी सुदृढ़ किया गया है। एएचपीआय द्वारा मिली यह मान्यता हमारे उच्च मानक स्वास्थ्य सेवाओं, सुरक्षा और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण को अधोरेखित करती है। यह पुरस्कार न केवल हमारी चिकित्सा उत्कृष्टता का सम्मान है, बल्कि उन डॉक्टर, परिचारिका एवं स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों की कड़ीं मेहनत का प्रतीक है जो प्रतिदिन अनगिनत मरीजों की जान बचाने के लिए दिन-रात काम करते हैं। वोक्हार्ट हॉस्पिटल में क्रिटिकल केयर स्वास्थ्य सेवा मुख्य उद्देश्यों में से एक है। अस्पताल ने अत्याधुनिक चिकित्सा

तकनीकी, मजबूत बुनियादी सुविधाएँ और तज्ञ चिकित्सकों में निरंतर निवेश किया है, जिससे विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना संभव हो पाया है। अत्याधुनिक मॉनिटरिंग प्रणाली, वेंटिलेटर और लाइफ सपोर्ट मशीनों से लैस क्रिटिकल केयर यूनिट में मरीजों को गंभीर आपातकालीन स्थितियों में भी सर्वोत्तम उपचार मिलता है। वोक्हार्ट हॉस्पिटल के क्रिटिकल केयर विभाग प्रमुख डॉ. चेतन शर्मा ने कहा, "यह पुरस्कार क्रिटिकल केयर में निरंतर नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वोक्हार्ट हॉस्पिटल में हम हर गंभीर मरीज को सर्वोत्तम सेवा देने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ते। हमारे प्रशिक्षित चिकित्सक, अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाएं और मरीज़-केंद्रित दृष्टिकोण कठिन परिस्थितियों में भी सकारात्मक बदलाव दिखाते हैं। यह मान्यता हमें और अधिक उत्साह के साथ कार्य करने और क्रिटिकल केयर सेवाओं में शिखर तक पहुंचने के लिए प्रेरित करती है। वोक्हार्ट हॉस्पिटल नागपूर, राजकोट और मुंबई में कार्यरत एक अग्रणी उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवा प्रदान करने वाली सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों की श्रृंखला है। वैश्विक स्तर की बुनियादी सुविधाएं और अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त चिकित्सा उपचार पद्धतियों के कारण वोक्हार्ट हॉस्पिटल को मरीजों की सेवा में उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। 1500 से अधिक बिस्तरों और 1000 से ज्यादा मानक कार्य पद्धतियों (एसओपी) के साथ, भारत के चुनिंदा निजी अस्पताल समूहों में से एक वोक्हार्ट हॉस्पिटल मरीज सुरक्षा और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

रुपए ने लगातार चौथे दिन तोड़ा डॉलर का घमंड

एशिया में और मजबूत की अपनी धाक

नई दिल्ली.

लगातार चौथे दिन डॉलर के मुकाबले में रुपए में तेजी देखने को मिल रही है. खास बात तो ये है कि ऐसा कम ही देखने को मिलता है कि दुनिया की किसी करेंसी ने लगातार चौथे दिन डॉलर का घमंड चकनाचूर किया हो. रुपए की इस तेजी से एक बार फिर से डॉलर के सामने एशिया की किसी करेंसी के सामने मजबूती के साथ धाक जम गई है. वैसे रुपए की तेजी के डॉलर के सामने 8 पैसे से ज्यादा की तेजी देखने को मिल रही है. रुपए में तेजी का सिलसिला गुरुवार को शुरू हुआ था.

जो सप्ताह के आखिरी कारोबारी तक जारी है. अगर बात डॉलर इंडेक्स की करें तो बीते एक हफ्ते में करीब एक फीसदी और एक महीने में 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिल चुकी है. जानकारों की मानें तो रुपए में आने वाले दिनों में डॉलर के मुकाबले और भी इजाफा देखने को मिल सकता है. आखिर करेंसी मार्केट में किस तरह का डाटा देखने को मिल रहा है.

अमेरिकी करेंसी डॉलर के हाई

लेवल से नीचे आने और घरेलू शेयर बाजारों के अनुकूल रुख दिखाने से रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में आठ पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.85 पर पहुंच गया.

इंटरबैंक फॉरेन करेंसी एक्सचेंज मार्केट में रुपया 86.86 पर खुला और शुरुआती कारोबार के दौरान बढ़त के साथ 86.85 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की बढ़त दर्शाता है. गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया महज 2 पैसे की बढ़त के साथ 86.93 पर लगभग स्थिर बंद हुआ. 66 पैसे बढ़ने के एक दिन बाद बुधवार को यूनिट 16 पैसे गिरकर बंद हुई थी, जो लगभग दो वर्षों में एक दिन की सबसे अधिक वृद्धि थी.

नीचे जा लुढ़का भारतीय शेयर बाजार का मार्केट कैप

नई दिल्ली. भारतीय शेयर बाजार में तेज बिकवाली के चलते 14 महीने में पहली बार बाजार का मार्केट कैपिटलाइजेशन 4 ट्रिलियन डॉलर के नीचे जा फिसला है. डॉलर के मुकाबले रुपये में जारी कमजोरी और शेयर बाजार में बिकवाली के चलते मार्केट कैप में ये गिरावट आई है. भारतीय शेयर बाजार का मार्केट कैप घटकर 3.99 ट्रिलियन डॉलर पर आ गया है जो कि 4 दिसंबर 2023 के बाद सबसे कम है. दिसंबर 2023 में भारतीय शेयर बाजार का मार्केट कैप 5.14 ट्रिलियन के लेवल पर जा पहुंचा था. यानी इस लेवल से मार्केट कैप में 1 ट्रिलियन डॉलर का सेंध लग चुका है. सितंबर 2024 के आखिरी हफ्ते से भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की ओर से जारी बिकवाली के चलते तेज गिरावट देखी जा रही है. विदेशी निवेशक लगातार भारतीय बाजार से अपना पैसा वापस निकाल रहे हैं. इस लेवल से सेंसेक्स में 12 फीसदी की गिरावट आ चुकी है तो निफ्टी 13 फीसदी गिर चुका है. निफ्टी 26000 के लेवल से 23000 के नीचे तो सेंसेक्स 86000 के लेवल से 76000 के नीचे फिसल चुका है. निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 60000 से गिरकर 50000 के नीचे आ चुका है.

तेल कंपनी शेवरॉन 8 हजार कर्मियों को निकालेगी

नई दिल्ली. ह्यूस्टन की तेल कंपनी शेवरॉन 8,000 कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है। यह इसके कुल 40,000 कार्यबल का करीब 20 फीसदी हिस्सा होगा। कंपनी का लक्ष्य अगले साल के अंत तक लागत में तीन अरब डॉलर तक की कटौती करना है। इसके लिए सबसे पहले कर्मचारियों को निकालेगी।

छंटनी इस साल शुरू होगी और 2026 तक पूरी हो जाएगी। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, शेवरॉन दक्षता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए परिचालन को सुव्यवस्थित कर रही है। इसमें अपने पोर्टफोलियो को अनुकूलित करना, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना और वैश्विक कार्य केंद्रों का विस्तार करना शामिल है। इन निर्णयों को हल्के में नहीं लिया गया है, और हम बदलाव के दौरान कर्मचारियों का समर्थन करेंगे। दूसरी सबसे बड़ी अमेरिकी तेल कंपनी शेवरॉन ने पिछले साल अपना मुख्यालय कैलिफोर्निया के सैन रेमन से हटाकर ह्यूस्टन स्थानांतरित कर दिया था। हालांकि, सैन रेमन में इसकी मजबूत उपस्थिति बनी हुई है।कॉमर्जबैंक बैंक ने कहा, पोलैंड और आस-पास के सस्ते स्थानों में इसके परिचालन में नियुक्तियां की जाएंगी। यह बैंक लक्षित अधिग्रहण की तलाश में है और रणनीतिक साझेदारी पर ध्यान केंद्रित करेगा।

यह स्पेन, इटली और अन्य जगहों पर बड़े सौदों के विपरीत है। डच बैंक आईएनजी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया, वह अधिग्रहण के अवसरों की तलाश कर रहे हैं, संभावित रूप से यूरोप में चल रही अधिग्रहण की लहर में शामिल हो सकते हैं। लंबे समय से कॉमर्जबैंक के साथ गठजोड़ पर विचार कर रही यूनिक्रेडिट ने कहा, दोनों बैंकों के बीच एक संयोजन सर्वोत्तम संभव परिणाम होगा और किसी भी प्रस्ताव में अभी भी कई महीने लग सकते हैं। यूनिक्रेडिट ने गठबंधन से दूर जाने की खबरों को खारिज कर दिया।

यात्री कारों की थोक बिक्री 1.6 फीसदी बढ़ी

नई दिल्ली.

यूटिलिटी वाहनों की मांग के कारण जनवरी में यात्री कारों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 1.6 फीसदी बढ़कर 3,99,386 यूनिट पहुंच गई। पिछले साल जनवरी में 3.93 लाख यूनिट्स बिकीं थीं। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स यानी सियाम के मुताबिक, यह जनवरी में यात्री वाहनों की सबसे अधिक बिक्री है।कंपनियों ने डीलरों को 2.13 लाख यूटिलिटी वाहन की डिलीवरी की, जो जनवरी, 2024 के 2.01 लाख की तुलना में छह फीसदी अधिक है। यात्री कारों की थोक बिक्री पिछले महीने 1.27 लाख इकाई रही, जो एक साल पहले समान अवधि में 1.26 लाख इकाई रही थी। वैन की बिक्री 6.4 फीसदी घटकर 11,250 यूनिट्स रह गई। मारुति सुजुकी ने पिछले माह 1,73,599 यूनिट्स बेचीं, जो जनवरी,2024 में 1,66,802 की तुलना में 4 फीसदी अधिक है। ह्यूंडई मोटर इंडिया ने डीलरों को पांच प्रतिशत कम 54,003 इकाइयां भेजी। महिंद्रा एंड महिंद्रा की थोक बिक्री 43,068 इकाई से बढ़कर 50,659 इकाई हो गई। जनवरी, 2024 में दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री 14.95 लाख इकाइयों की तुलना में पिछले महीने 2.1 प्रतिशत बढ़कर 15.26 लाख इकाई हो गई। स्कूटर की बिक्री 12.4 प्रतिशत बढ़कर 5,48,201 यूनिट और मोटरसाइकिल की बिक्री 3.1 फीसदी घटकर 9,36,145 यूनिट रह गई। कुल तिपहिया वाहनों की बिक्री 7.7 प्रतिशत बढ़कर 58,167 यूनिट रही।



'शालिनीताई मेघे अस्पताल में दुर्लभ ब्रेन ट्यूमर की सफल सर्जरी'

नागपुर.

वानाडोंगरी स्थित 1020 बिस्तरों वाले शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल अँड रिसर्च सेंटर ने 6 वर्षीय बच्चे के क्रैनियोफेरिंजियोमा (मेंदू का दुर्लभ ट्यूमर) की जटिल और दुर्लभ सर्जरी सफलतापूर्वक की है, जिससे बाल चिकित्सा न्यूरो सर्जरी में नया मानक स्थापित हुआ है। इस उल्लेखनीय सफलता से अत्याधुनिक, बहु-विषयक सेवाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा देने की हॉस्पिटल की प्रतिबद्धता को सिद्ध किया गया है। यह 6 वर्षीय बच्चा लगातार सिरदर्द, चक्कर, उल्टियाँ जैसी समस्याओं के साथ गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हुआ था।

न्यूरोसर्जन डॉ. परेश कोरडे की देखरेख में उसका उपचार शुरू किया गया। जांच के बाद बच्चे के मस्तिष्क में बड़े आकार का क्रैनियोफेरिंजियोमा और ऑब्स्ट्रक्टिव हाइड्रोसेफालस (मस्तिष्क में द्रव संचय और दबाव बढ़ना) का निदान हुआ, जिसके लिए तुरंत सर्जरी की आवश्यकता थी। माता-पिता का समुपदेशन करने के बाद और उनकी सहमति से, डॉ. कोरडे ने दो चरणों में सर्जरी को अंजाम दिया। डॉ. परेश कोरडे ने एनेस्थिसियोलॉजिस्ट डॉ. प्राची वानखडे कोरडे और अनुभवी ओटी नर्सिंग व पैरामेडिकल टीम की सहायता से इस जटिल सर्जरी को अत्यधिक कुशलता से यशस्वी किया। दो चरणों में सम्पन्न इस दुर्लभ सर्जरी के बारे में डॉ. कोरडे ने बताया कि पहले चरण में मस्तिष्क में जमा द्रव को बाहर निकालने के लिए वेंट्रिकुलर पेरिटोनियल शंट याने नली लगाई गई,

जिससे मस्तिष्क का दबाव नियंत्रित हुआ और बच्चे की स्थिति में सुधार हुआ। एक सप्ताह बाद, जब बच्चे की स्थिति स्थिर हो गई, तो दूसरे चरण में एंडोस्कोपी के माध्यम से दुर्लभ ट्यूमर को निकाला गया और द्रव के संचय को रोकने के लिए ओमाया रिजर्वॉयर डिवाइस लगाया गया। शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल अँड रिसर्च सेंटर ने हॉस्पिटल में आई इस तरह की पहली ही दुर्लभ न्यूरो-एंडोस्कोपिक सर्जरी सफलतापूर्वक की हैं।

यह अत्याधुनिक सर्जरी महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना के तहत निःशुल्क की गई। सर्जरी के बाद, मरीज को मस्तिष्क में सोडियम का स्तर कम होने और हार्मोनल असंतुलन जैसी जटिलताएँ हुईं, लेकिन बालरोग विशेषज्ञ डॉ. सी. बोकडे की टीम ने सर्जरी के बाद मरीज की अभूतपूर्व देखभाल की। एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ. पंकज फेरवानी ने हार्मोनल असंतुलन को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया। डॉ. प्राची वानखडे कोरडे ने पूरे प्रक्रिया के दौरान एनेस्थीसिया का प्रभावी प्रबंधन किया। शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल अँड रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. अनूप मरार ने बताया की इस सर्जरी ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का उच्च सहयोग और विशेषज्ञता का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है। सर्जरी, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ और एंडोक्रिनोलॉजी विभाग सहित नर्सिंग, पैरामेडिकल और प्रशासनिक टीम की मेहनत से ही यह जटिल सर्जरी सफल हो पाई। सागर मेघे की अगुवाई में अस्पताल प्रबंधन ने पूरी प्रक्रिया के दौरान मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान किया, इसके लिए डॉ. परेश कोरडे ने आभार व्यक्त किया। इस सफल सर्जरी के साथ ही अब तक शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल अँड रिसर्च सेंटर ने एंडोस्कोपिक ट्रांसनसल और वेंट्रिक्युलोस्कोपिक न्यूरो सर्जरी तथा एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। मिनिमली इनवेसिव, इंडोस्कोपिक, की-होल ब्रेन और स्पाइनल सर्जरी में भी शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल्स अँड रिसर्च सेंटर अब एक विश्वसनीय और अग्रणी अस्पताल बन चुका है। शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल अँड रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. वसंत गावंडे ने कहा की यह ऐतिहासिक सर्जरी केवल हमारे लिए ही नहीं, बल्कि पूरे चिकित्सा क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उत्कृष्ट विशेषज्ञों की पूर्णकालिक उपलब्धता वाली बहुविषयक टीम जटिल मामलों में भी उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर सकती है, यह इस सफलता ने सिद्ध किया है।

बजट 2025-26 को बहुत ही कठिन समय में तैयार किया गया

नई दिल्ली. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को राज्यसभा में बजट बहस पर जवाब दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2025-26 में कई क्षेत्रों और राज्यों के लिए आवटंन में कटौती के विपक्ष के आरोपों को निराधार करार देते हुए राज्यसभा में कहा कि आयकर सीमा बढ़ाने सहित बजट में घोषित विभिन्न उपायों से मध्यम वर्ग के लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। सीतारमण ने कहा कि उच्च सदन में आम बजट पर चर्चा में 90 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि बजट में उन सभी समस्याओं को ध्यान में रखा गया है जो आज देश के समक्ष हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों द्वारा ली जा रही उधारी के कारण ब्याज का बोझ एक समस्या है। उन्होंने कहा कि इससे उबरने के लिए बुद्धिमत्ता से राजकोषीय प्रबंधन करना आवश्यक उपाय है।

सोने की कीमतें बढ़ने से आभूषणों की 80 फीसदी तक घटी मांग

नई दिल्ली.

सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद इसके आभूषणों की मांग 80 फीसदी तक गिर गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, पूरे देश में आभूषण विक्रेताओं की बिक्री में कमी देखी जा रही है। दाम में तेजी से शादी के मौसम के बावजूद ग्राहकों ने खरीदी धीमी कर दी है। दूसरी ओर, चीन में डीलरों ने खरीदारों को लुभाने के लिए छूट की पेशकश की है।

संभावित नए अमेरिकी टैरिफ के कारण वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंका से निवेशक सुरक्षित माने जाने वाले सोने की खरीदी पर जोर दे रहे हैं। इससे बेंचमार्क सोने की कीमतें इस सप्ताह रिकॉर्ड 2,942.70 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गईं। कोयंबटूर के जौहरी बी मुथुवेंकट्रम ने कहा, बहुत सारे ग्राहक शादी के मौसम के लिए सोना खरीदना चाहते हैं, लेकिन वे रुक रहे हैं, क्योंकि कीमतें बढ़ती जा रही हैं। वे हमें फोन करते रहते हैं और पूछते रहते हैं कि कीमतें कब गिरेंगी और खरीदने का सही समय कब है।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में भारत की आभूषण खपत 563.4 मीट्रिक टन थी, जो चीन के 511.4 टन से अधिक थी। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े सोने के उपभोक्ता भारत में सोने की कीमतें इसी सप्ताह 88,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं।

2024 में 21 फीसदी तेजी के बाद इस साल के महज 45 दिन में ही सोने का भाव 10 फीसदी से ज्यादा बढ़ गया है। चीन के एक व्यापारी ने कहा, चीनी नव वर्ष से पहले हमने मांग में वृद्धि देखी, लेकिन कीमत अधिक होने के कारण अब मांग बहुत कमजोर है।

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

हिंदी दैनिक

नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, शनिवार, 15 फरवरी 2025 | अंक 124/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, यू आर ग्रेट

नई दिल्ली.

व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई मुलाकात को अगर अविस्मरणीय कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। व्हाइट हाउस में दोनों नेता गर्मजोशी से एक-दूसरे से मिले। वहीं दोनों नेताओं की इस मुलाकात के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी की तारीफ की। ट्रंप ने पीएम मोदी को महान नेता बताया। आइये जानते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी के बारे में क्या खास बातें कही।

1. नरेंद्र मोदी भारत में वाकई बहुत बढ़िया काम कर रहे हैं। हर कोई उनके बारे में बात करता है। वे वाकई शानदार काम कर रहे हैं। 2. वे एक महान नेता हैं। 3. व्हाइट हाउस में गर्मजोशी से गले मिलने पर उन्होंने कहा, "हमें आपकी बहुत याद आई।" 4. राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी की तारीफ की और भेंट की गई पुस्तक " अवर जर्नी गेट टू गदर" में लिखा - "मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, यू आर ग्रेट. 5. मैं अपने मित्र पीएम मोदी का स्वागत करते हुए रोमांचित हूं। वे एक खास व्यक्ति हैं। 6. पीएम मोदी लंबे समय से मेरे मित्र हैं। 7. वे मुझसे कहीं ज़्यादा सख्त नेगोशिएटर हैं और मुझसे कहीं बेहतर नेगोशिएटर हैं। उनसे मेरा कोई मुकाबला ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी अमेरिका यात्रा पूरी करके शुक्रवार को भारत के लिए रवाना हो गए। इस यात्रा के दौरान उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्यापार एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा एवं सुरक्षा, ऊर्जा तथा दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न विषयों पर उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता की। मोदी बुधवार को फ्रांस से अमेरिका पहुंचे और बृहस्पतिवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार के दिन) को ट्रंप ने उनकी मेजबानी की।

रिपब्लिकन नेता ने पिछले महीने दूसरे कार्यकाल के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद पहली द्विपक्षीय वार्ता की मेजबानी की। वार्ता के दौरान भारत और अमेरिका ने रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपने रणनीतिक संबंधों को व्यापक बनाने में एक बड़ी छलांग लगाने का फैसला किया। दोनों पक्षों ने आपसी हितों के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी 'उत्कृष्ट' बैठक हुई और उनकी ये बातचीत 'भारत-अमेरिका मित्रता को महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी।' मोदी ने 'एक्स' पर कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप अक्सर एमएजीए के बारे में बात करते हैं। भारत में हम विकसित भारत की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसका अमेरिकी संदर्भ में मतलब एमआईजीए है। भारत-अमेरिका समृद्धि के लिए मेगा साझेदारी कर रहे हैं।''

भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान देगा अमेरिका

मोदी के साथ अपनी वार्ता के बाद ट्रंप ने घोषणा की कि वाशिंगटन अरबों डॉलर की सैन्य आपूर्ति बढ़ाने के तहत भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा पर मीडिया को संबोधित करते हुए विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, ''अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री ने अमेरिका की बहुत ही सार्थक यात्रा पूरी की है। अमेरिका की इस दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज और राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड सहित प्रमुख अमेरिकी अधिकारियों से भी मुलाकात की। उन्होंने 'स्पेसएक्स' के सीईओ एलन मस्क और भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी सहित प्रमुख व्यापारिक नेताओं के साथ भी बातचीत की। एलन मास्क नवगठित सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का भी नेतृत्व करते हैं।

मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने गंगा में डुबकी लगाकर पवित्र स्नान किया. इस मौके पर पत्नी अमृता फड़णवीस और बेटी भी मौजूद रहीं.

बम धमाके से दहला पाकिस्तान, 9 की मौत

बलूचिस्तान.



आतंक को पनाह देने वाला देश पाकिस्तान खुद ही लगातार आतंकी घटनाओं की मार झेल रहा है। अब पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र से एक और आतंकी घटना की जानकारी सामने आई है। यहां कोयला खनिकों को ले जा रहा एक वाहन बम की चपेट में आ गया। इस बम धमाके में कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई और करीब 7 लोगों के घायल होने की खबर सामने आई है। अधिकारियों के मुताबिक, पाकिस्तान में बम धमाके की ये घटना अशांत क्षेत्र बलूचिस्तान प्रांत के हरनाई जिले के शाहराग इलाके में हुई है। शुक्रवार को कोयला खनिकों को ले जा रहा वाहन बम की चपेट में आ गया। आतंकी घटना के पीड़ित लोग एक मिनी ट्रक सवार थे। अधिकारियों ने बताया है कि बम धमाके में घायल लोगों को नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बलूचिस्तान प्रांत में बम धमाके और इसमें 9 लोगों की मौत की घटना के बाद पाकिस्तान कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इस आतंकी घटना को लेकर अपनी जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने भी जानकारी दी है कि उनके द्वारा इस घटना से जुड़े अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रैंड ने बम धमाके में लोगों की मौत पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि मामले में जांच शुरू कर दी गई है। शाहिद रैंड ने बताया कि अब तक किसी भी समूह ने इस आतंकी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, अतीत में ऐसे आतंकी हमलों के लिए प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी को जिम्मेदार ठहराया गया है।

ममता सरकार को हाई कोर्ट से बड़ा झटका

आरएसएस की सभा को मिली अनुमति

कोलकाता.

कलकत्ता हाईकोर्ट से ममता सरकार को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने मोहन भागवत की जनसभा को परमिशन दे दी है। 16 फरवरी को बर्धमान में मोहन भागवत की जनसभा होनी है, लेकिन पुलिस ने मोहन भागवत की जनसभा को परमिशन नहीं दी थी। पुलिस ने इसके लिए 10वीं बोर्ड परीक्षाओं का हवाला दिया था। मामला कोर्ट में पहुंचा को कलकत्ता हाईकोर्ट ने मोहन भागवत की जनसभा को अनुमति दे दी. मोहन भागवत छह फरवरी से पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। वह शुक्रवार को बर्धमान में संघ के नए प्रांत कार्यालय का उद्घाटन करने वाले हैं।

विवाद 16 फरवरी को होने वाली उनकी जनसभा को लेकर था, जिसकी इजाजत पुलिस की तरफ से नहीं दी गई। बर्धमान पुलिस ने 10वीं की परीक्षा के मद्देनजर लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर पाबंदी का हवाला दिया। पुलिस का कहना है कि प्रस्तावित सभा स्थल के पास एक स्कूल है, जिससे परीक्षा प्रभावित हो सकती है। हालांकि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरफ से तर्क दिया जा रहा है कि यह सभा रविवार को होनी है, इसलिए परीक्षा में किसी तरह की कोई भी बाधा नहीं आएगी। आरएसएस ने इस फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की, जिस पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सभा की अनुमति दे दी।

शर्त के साथ मिली अनुमति

न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की पीठ ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को रैली की अनुमति दे दी है, लेकिन आयोजकों को कुछ बातों का ध्यान रखना होगा। पहली शर्त यह है कि जनसभा में उपस्थित भीड़ की संख्या सीमित होनी चाहिए और इसकी वजह से कानून व्यवस्था नहीं खराब होनी चाहिए। वहीं, दूसरी शर्त यह है कि लाउडस्पीकर की आवाज भी नियंत्रित रहनी चाहिए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि रैली स्थल के पास कोई स्कूल नहीं है। वहीं, पीठ ने कहा कि प्रस्तावित रैली के दिन रविवार को कोई परीक्षा नहीं है।

जन्मदिन पर मौत का साया, हादसे में तीन दोस्तों की मौत

वर्धा. हर व्यक्ति और उसका परिवार जन्मदिन को धूमधाम से मनाने का इरादा रखता है. कुछ लोग जश्न मनाने के लिए बाहर जाने की भी योजना बनाते हैं। लेकिन यह कहना होगा कि यह मौत की ओर ले जाने वाली ऐसी योजना का एक दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण है। चारों दोस्त सिंदी मेघे के रहने वाले समीर चुटे, शुभम मेश्राम, सुशील मस्के और धनराज धाबर्डे हैं। गुरुवार को धनराज का जन्मदिन था।

विशिटिल के तीनों रात को कार से सेलू के लिए निकले थे। रात को जन्मदिन की पार्टी से लौटते समय हादसा हो गया। जब चारों वर्धे लौट रहे थे तो सामने से एक ट्रक आ रहा था. तेज रफ्तार कार ओवरटेक करने के प्रयास में पलट गई। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. इलाज के लिए नागपुर ले जाते समय एक की मौत हो गई। चौथा दोस्त धनराज धाबर्डे घायल है और उसका इलाज चल रहा है। यह घटना आज सुबह सामने आई। हादसे की जानकारी मिलते ही सेलू पुलिस मौके पर पहुंची. जांच के बाद शव को कब्जे में ले लिया गया। वर्धा जनरल अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। इस भयानक हादसे से सिंदी इलाके में शोक का माहौल है. शाम को इन तीनों का सिंदी श्मशान घाट पर एक साथ अंतिम संस्कार किया गया.

इस अवसर पर सैकड़ों नागरिक उपस्थित थे। वर्धा- नागपुर मार्ग पर कुछ खतरनाक स्थान हैं। रामदास तड़स ने सांसद रहते हुए उन जगहों पर जासूसी करने और कार्रवाई करने का मुद्दा उठाया था. चूँकि यह नई सड़क है इसलिए गाड़ियाँ तेजी से दौड़ रही हैं। इस पर नियंत्रण की आवश्यकता बार-बार व्यक्त की जाती है। शहर में एक और एक्सीडेंट की घटना घटी. जल संसाधन विभाग में कार्यरत अधिकारी 57 वर्षीय श्रीधर गिरी यहां डेहनकर लेआउट इलाके में रहते हैं। शाम को जब वह विकास भवन के पास सड़क पर टहल रहा था तो पीछे से किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। गिरि के सिर और गर्दन पर चोट के निशान है. उनका इलाज चल रहा है.

लोकतांत्रिक सिद्धांतों के साथ विश्वासघात: मैतेई समुदाय

इम्फाल.

मणिपुर में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद केंद्र सरकार ने वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया है. मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने का विपक्षी पार्टियों ने विरोध किया है और केंद्र सरकार के फैसले पर सवाल उठाया है. मैतई समुदाय के संगठन मणिपुर अखंडता पर समन्वय समिति ने अब राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने को "अलोकतांत्रिक" और "सबसे दुर्भाग्यपूर्ण" करार दिया है. मैतेई निकाय ने आरोप लगाया कि राज्य को और अधिक अशांति में धकेला जा रहा है. राष्ट्रपति शासन लगाया जाना एक चाल है.

मणिपुर अखंडता पर समन्वय समिति की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राज्य में भाजपा का पूर्ण बहुमत है. भारत सरकार ने मणिपुर में अनुचित तरीके से राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया है. यह मणिपुर को और अधिक अशांति में धकेलने की चाल है. बता दें पिछले दो साल से मणिपुर में मैतई और कुकी समुदाय के बीच हिंसक झड़प चल रही है. इस झड़प में सैंकड़ों लोगों की जान गई है और हजारों की संख्या में लोग विस्थापित होने के लिए बाध्य हुए हैं. मणिपुर अखंडता पर समन्वय समिति का दावा है कि वास्तविक मुद्दों को संबोधित करने के बजाय भाजपा विधायकों की कथित अक्षमता पर दोष मढ़ा गया है. राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए लोगों को कोई उचित स्पष्टीकरण भी नहीं दिया गया. राज्य विधानसभा सत्र से ठीक पहले मुख्यमंत्री से जबरन इस्तीफा ले लिया गया है. यह लोकतांत्रिक सिद्धांतों के साथ पूरी तरह से विश्वासघात है.

बांग्लादेश को मैं पीएम मोदी पर छोड़ता हूं: ट्रंप

वाशिंगटन. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश संकट में अमेरिका की गहरी भूमिका के किसी भी सुझाव को खारिज करते हुए यह स्पष्ट किया कि इस मामले को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभालेंगे। वाशिंगटन में द्विपक्षीय बैठक के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने कहा, "मैं बांग्लादेश को पीएम मोदी पर छोड़ता हूं।" भारत के पड़ोसी देश में अराजकता के बीच ट्रंप का यह बड़ा बयान माना जा रहा है। उन्होंने साफ संकेत दिया कि बांग्लादेश के मामले पीएम मोदी अपने हिसाब से खुद हैंडल करें। भारत जो भी इस संबंध में कार्य करेगा अमेरिकी सरकार समर्थन करेगी। जानकारी के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के दौरान भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में चल रहे संकट पर बात की। ट्रंप ने बांग्लादेश में चल रही उथल-पुथल में अमेरिका की किसी भी भूमिका को खारिज कर दिया। ट्रंप ने यह भी कहा कि मैं बांग्लादेश को पीएम मोदी के भरोसे छोड़ता हूं। दरअसल संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एक सवाल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पूछा गया था, जिसमें बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन में डीप स्टेट की संलिप्तता पर ध्यान केंद्रित किया गया था। पत्रकार ने पूछा कि बांग्लादेश मुद्दे पर उनका क्या कहना है।

भारत की बढ़ेगी ताकत

नई दिल्ली. पीएम नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे को लेकर राहुल गांधी और जयराम रमेश जैसे कांग्रेसी नेताओं ने निशाना साधा तो वहीं पार्टी के ही सांसद शशि थरूर ने तारीफ की है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनके समर्थक सबसे बड़ा नेगोशिएटर मानते हैं। उनके रक्षा मंत्री ने कल ही कहा था कि ट्रंप बहुत बड़े नेगोशिएटर हैं, लेकिन ट्रंप ने साझा बयान में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी उनसे बड़े नेगोशिएटर हैं। यह शानदार रहा। उन्होंने कहा कि यह दौरा बहुत अच्छा रहा है। अमेरिका ने भारत को एफ-35 फाइटर जेट बेचने पर सहमति जताई है। इससे भारत को बहुत फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत के पास राफेल जैसा फाइटर जेट पहले से ही है।

आरबीआय के एक्शन से न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में फंसे लोगों के पैसे

मुंबई. महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक को आरबीआई ने बैन कर दिया है जिसके बाद इस बैंक के सभी शाखाओं पर लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है. लोग परेशान हैं. लोगों की मेहनत की कमाई बैंक में अटक गई है. किसी का 1 लाख जमा है तो किसी के रिटायरमेंट के पूरे 20 लाख रुपये फंसे हुए हैं, तो कई सोसाईटी का 40 से 50 लाख इस बैंक में फंस गया है. आरबीआई के नियम के मुताबिक, ग्राहक बैंक से सिर्फ 5 लाख तक अब निकाल सकते हैं और लॉकर के पैसे को निकाल सकते हैं. भारतीय रिजर्व बैंक ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में भारी अनियमितताओं के चलते बैंक के कामकाज पर कई तरह के बैंकिंग कारोबार से जुड़े बैन लगा दिए हैं. बैंकिंग सेक्टर के रेगुलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने मुंबई बेस्ड न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के कामकाज पर कई तरह के प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है. आरबीआई की इस बंदिश के बाद बैंक के डिपॉजिटर्स अब खातों में जमा अपनी गाढ़ी कमाई को भी नहीं निकाल सकेंगे. न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक अब ना तो कोई लोन दे सकेगा और ना कोई डिपॉजिट ले सकेगा. गुरुवार 13 फरवरी 2025 के कारोबार बंद होने के बाद से ये बैन अगले छह महीनों के लिए लागू हो चुका है. गुरुवार को भारतीय रिजर्व बैंक ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में भारी अनियमितताओं के चलते बैंक के कामकाज पर कई तरह के बैंकिंग कारोबार से जुड़े बैन लगा दिए. आरबीआई के इस फैसले के बाद बैंक के डिपॉजिटर्स की मुसीबत बढ़ गई है. बैंक के खाताधारक अपने खाते से पैसे नहीं निकाल सकेंगे. 6 महीनों की रोक के बीच बैंक के हालात को सुधारने की कोशिश की जाएगी. छह महीने के बाद आरबीआई बैन के फैसले को रिव्यू करेगा. आरबीआई ने कहा कि बैंक की मौजूदा नकदी स्थिति को देखते हुए निर्देश दिया गया है कि वह जमाकर्ता के बचत बैंक या चालू खातों या किसी अन्य खाते से किसी भी राशि की निकासी की अनुमति न दे. हालांकि, बैंक कर्मचारियों के वेतन, किराए और बिजली के बिल जैसी कुछ आवश्यक मदों पर खर्च करने की इजाजत बैंक को दी गई है. आरबीआई ने साफ किया है कि 13 फरवरी, 2025 को बैंक के कारोबार बंद होने के बाद से बैंक बिना उसके अनुमति के ना को कोई लोन या एडवांस रकम देगा या उसका रिन्यूएल करेगा.

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में नए आपराधिक कानून लागू करें: शाह

नई दिल्ली.

गृह मंत्री ने पुलिस स्टेशनों के सौंदर्यीकरण और सुधार के महत्व पर भी प्रकाश डाला

गृह मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को राज्य में नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा एक पखवाड़े में एक बार करनी चाहिए, जबकि मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को सप्ताह में एक बार इसकी समीक्षा करनी चाहिए.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में महाराष्ट्र में नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस मौजूद थे. बैठक में राज्य में पुलिस, जेल, अदालत, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, महाराष्ट्र के मुख्य सचिव, महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक, पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (बीपीआरडी) के महानिदेशक, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के महानिदेशक और केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार देश के नागरिकों को त्वरित और पारदर्शी न्याय प्रणाली प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अपराध अवश्य दर्ज किये जायें तथा एफआईआर दर्ज करने में देरी न की जाये। उन्होंने सुझाव दिया कि नए आपराधिक कानूनों की तर्ज पर महाराष्ट्र में एक मॉडल अभियोजन निदेशालय प्रणाली विकसित की जानी चाहिए।

साथ ही, 7 साल से अधिक की सजा वाले अपराधों में 90 प्रतिशत से अधिक की सजा दर के लिए प्रयास करने का निर्देश दिया। पुलिस, लोक अभियोजन और न्यायपालिका को समन्वय बनाकर यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए कि दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिले। गृह मंत्री ने कहा कि संगठित अपराध, आतंकवाद और भीड़ हिंसा की घटनाओं की वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से निगरानी की जानी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन प्रावधानों का दुरुपयोग न हो। साथ ही, जेलों, सरकारी अस्पतालों, बैंकों और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (एफएसएल) में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से साक्ष्य दर्ज करने की एक प्रणाली विकसित की जानी चाहिए। गृह मंत्री ने महाराष्ट्र को सीसीटीएनएस 2.0 और आईसीजेएस 2.0 प्रणाली अपनाने की सलाह दी और सुझाव दिया कि दो अलग-अलग राज्यों के बीच एफआईआर के हस्तांतरण की सुविधा के लिए सीसीटीएनएस प्रणाली विकसित की जानी चाहिए। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए लोगों की जानकारी इलेक्ट्रॉनिक डैशबोर्ड पर उपलब्ध कराई जानी चाहिए। साथ ही राज्य के पुलिस स्टेशनों में इंटरनेट कनेक्टिविटी को भी बेहतर करने की जरूरत है. गृह मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि हर पुलिस उपमंडल में फोरेंसिक विज्ञान मोबाइल वैन उपलब्ध होनी चाहिए और फोरेंसिक विशेषज्ञों की भर्ती में तेजी लाई जानी चाहिए।

सुविचार

घबराना नहीं कभी क्योंकि सत्य की गाडी में बैठोगे तो कष्ट के स्टेशन तो आते ही रहेंगे।

संपादकीय

मुकदमों का बोझ घटेगा

❍ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को नया इनकम टैक्स बिल लोकसभा में पेश कर दिया। पिछले दिनों बजट पेश करते हुए भी उन्होंने इसका जिक्र किया था। तभी से निगाहें इस बात पर टिकी थीं कि प्रस्तावित बिल के जरिए किस तरह के बदलाव लाए जाने वाले हैं। इस लिहाज से यह राहत की बात कही जा सकती है कि यह बिल इनकम टैक्स प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। असल में 1961 में जब यह कानून लाया गया था, तब से न केवल इकॉनमी बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। बदलती जरूरत के मुताबिक इस कानून में नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या की गुंजाइश भी बनाए रखती थी। परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87% हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। इस रकम की विशालता का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि ताजा बजट में मध्यमवर्ग को मिली आयकर छूट भी 1 लाख करोड़ रुपये ही बैठती है। दिलचस्प है कि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5% मामलों में ही जीत मिली थी। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट देशों का औसत इस मामले में 65% है।

हिज़्ब उत-तहरीर ने इस्लामी खिलाफत के लिए वकालत: आज की वैश्वीकृत दुनिया में प्रासंगिकता

प्रो बंदिनी कुमारी
लेखिका समाज शास्त्र की प्रोफेसर हैं और उत्तर प्रदेश के डिग्री कॉलेज में कार्यकर्ता है.

❍ हिज्ब उत-तहरीर एक अंतरराष्ट्रीय इस्लामी राजनीतिक संगठन है, जिसका उद्देश्य इस्लाम के खलीफा शासन (खिलाफत) की स्थापना करना है। यह संगठन 1953 में यरूशलेम (उस समय जॉर्डन के नियंत्रण में) में स्थापित हुआ था। इसे फिलिस्तीनी विद्वान तकीउद्दीन अल-नभानी ने शुरू किया था। हिज्ब उत-तहरीर का मुख्य उद्देश्य इस्लामिक उम्माह (समुदाय) को एकजुट करना और इस्लामी कानून (शरिया) के अनुसार सरकार चलाने वाली वैश्विक खिलाफत को पुनः स्थापित करना है। हिज्ब उत-तहरीर का मानना है कि मुसलमानों के सभी राजनीतिक, आर्थिक, और सामाजिक मुद्दों का समाधान केवल इस्लामी शासन प्रणाली (खिलाफत) के तहत हो सकता है। यह ऐसी खिलाफत चाहता है जो एक वैश्विक इस्लामी राज्य के रूप में कार्य करे। हिज्ब उत-तहरीर लोकतंत्र, पूंजीवाद, और राष्ट्रवाद जैसी पश्चिमी विचारधाराओं का विरोध करता है, जिन्हें यह इस्लामी मूल्यों के खिलाफ मानता है। हिज्ब उत-तहरीर मुख्यतः मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, मध्य पूर्व, और यूरोप में सक्रिय है।

इसकी गतिविधियां मुस्लिम बहुल देशों के साथ-साथ पश्चिमी देशों में भी देखी गई हैं। कई देशों ने इसे आतंकवाद और कट्टरपंथ को बढ़ावा देने के आरोप में प्रतिबंधित कर दिया है। यह संगठन भारत सहित, पाकिस्तान, बांग्लादेश, तुर्की, रूस, जर्मनी, और चीन जैसे देशों में अवैध घोषित है। आलोचक इसे कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा देने वाला संगठन मानते हैं, जो लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और धार्मिक सहिष्णुता के खिलाफ है। इस्लामिक विद्वानों के बीच भी इस संगठन की विचारधारा को लेकर मतभेद हैं। कुछ इसे इस्लामी सिद्धांतों के विपरीत मानते हैं।कई देशों में इसे राष्ट्र की स्थिरता और सुरक्षा के लिए खतरा माना जाता है। ये संगठन हाल फिलहाल इसलिए चर्चा में है क्योकि कनाडा के हैमिल्टन शहर में 18 जनवरी को इसका खिलाफत सम्मेलन आयोजित होने जा रहा था जिसकी अनुमति कनाडा सरकार ने अंतिम समय में वापस ले। कनाडा के यह कदम सराहनीय है क्यूंकि इस सम्मलेन की अनुमति दे देने से चरमपंथी विचारों को बढ़ावा मिलता जिसका दूरगामी परिणाम पूरे विश्व को प्रभावित कर सकता था। कनाडा में, हिज्ब उत-तहरीर को अभी भी काम करने की अनुमति है, जबकि इसके चरमपंथी एजेंडे और बयानबाजी के कारण इसे यू.के., भारत, पाकिस्तान और जर्मनी जैसे देशों में प्रतिबंधित किया गया है। यह ढिलाई चरमपंथ को विफल करने और अपने बहुसांस्कृतिक सामाजिक ताने-बाने को संरक्षित करने की देश की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाती है।

हालाँकि समूह का कहना है कि वह हिंसा का विरोध करता है और इस्लामी कानून का पालन करता है, लेकिन इसका अतीत और व्यवहार इस बात को झूठलाता है।न केवल इसका अंतिम उद्देश्य - कठोर इस्लामी शरिया कानून द्वारा शासित विश्वव्यापी खिलाफत - अव्यावहारिक है, बल्कि यह राष्ट्रवाद और समकालीन लोकतांत्रिक मूल्यों के विचार के भी मूल रूप से विरोधाभासी है। खिलाफत के अपने दृष्टिकोण में, हिज्ब उत-तहरीर राष्ट्रीय संप्रभुता का विरोध करता है और एक ऐसे एकल इस्लामी राज्य के पक्ष में है जो मुस्लिम समुदायों की विविधता और उनकी विशिष्ट सांस्कृतिक प्रथाओं की अनदेखी करता है।यह समूह सार्वजनिक रूप से खिलाफत स्थापित करने के लिए मौजूदा सरकारों को उखाड़ फेंकने का आह्वान करता है, जैसा कि माजिन अब्दुल-अधीम जैसे इसके नेताओं के वीडियो में बयानबाजी से प्रदर्शित होता है।

अपने धार्मिक आवरण के बावजूद, यह संदेश नागरिक जुड़ाव और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को चुनौती देता है। वैश्विक समुदाय के साथ-साथ मुस्लिम बहुसंख्यक राष्ट्र भी इन विचारधाराओं से खतरे में हैं क्योंकि इसका उद्देश्य विभाजन को बोना और स्थापित सामाजिक संरचनाओं को खत्म करना है। इस तरह के चरमपंथी आख्यानों के सबसे बड़े शिकार युवा मुसलमान हैं, जो अक्सर अपनी सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक जीवन की वास्तविकताओं के बीच फंसे रहते हैं। हिज्ब उत-तहरीर का संदेश उनके मोहभंग और पहचान के संघर्ष की भावना का फायदा उठाता है, एक एकीकृत इस्लामी राज्य का एक काल्पनिक दृष्टिकोण पेश करता है जो वास्तविक दुनिया की जटिलताओं से बहुत दूर है। यह आख्यान युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेलता है और एक असंभव आदर्श को रोमांटिक बनाकर समाज में सकारात्मक योगदान देने से उनका ध्यान हटाता है। एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में और लोकतांत्रिक व्यवस्था के अगुवा होने के नाते कनाडा का यह दायित्व है कि वह सुनिश्चित करे कि उसकी नीतियां और कार्य अनजाने में ऐसी हानिकारक विचारधाराओं को वैधता प्रदान न करें। हिज्ब उत-तहरीर न केवल चरमपंथी दृष्टिकोणों को बल देता है, बल्कि यह उदारवादी मुसलमानों के समकालीन जीवन में इस्लामी सिद्धांतों को शांतिपूर्ण और समावेशी रूप से शामिल करने के प्रयासों को भी कमजोर करता है। अव्यावहारिक होने के अलावा, हिज्ब उत-तहरीर के विश्वव्यापी खिलाफत के दृष्टिकोण में गंभीर खामियां हैं। यह मुस्लिम दुनिया के भीतर विविधता को नजरअंदाज करता है, जहां सांस्कृतिक, भाषाई और ऐतिहासिक मतभेदों के कारण एक ही राजनीतिक इकाई का होना अव्यावहारिक है। इसके अलावा, लोकतंत्र, लैंगिक समानता और विचार की स्वतंत्रता सभी समूह की इस्लामी कानून की सख्त व्याख्या के विपरीत हैं, जैसा कि इसके मसौदा संविधान में कहा गया है। हिज्ब उत-तहरीर का बहिष्कारवादी और सत्तावादी दृष्टिकोण आधुनिक दुनिया की विशेषता वाले बहुलवाद और सह-अस्तित्व के साथ असंगत है। हालांकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, लेकिन इसके लिए सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय सुरक्षा का त्याग नहीं किया जा सकता। लाखों मुस्लिम युवाओं के भविष्य के साथ छेड़छाड़ करने के अलावा, कनाडा हिज्ब उत-तहरीर की मेजबानी करके उन्हीं सिद्धांतों से समझौता कर रहा है, जिनका वह समर्थन करने का दावा करता है।

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इन चरमपंथी विचारधाराओं के खिलाफ खड़े होने और यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि उन्हें दुनिया में कहीं भी जगह न मिले। खलीफा जैसी अवधारणा, जिसे इतिहास ने ध्रुवीकरण करने वाला और राष्ट्रवादी आदर्शों के साथ असंगत साबित किया है, का महिमामंडन नहीं किया जाना चाहिए। दुनिया को ऐसे मंचों की जरूरत है जो प्रगति और एकता को बढ़ावा दें, न कि ऐसे मंचों की जो उग्रवाद और विभाजन के बीज बोते हों।

आस्था

सपने में भगवान को देखना इन बातों का संकेत

❍ कुछ लोगों का मानना होता है कि हर सपने का कोई न कोई मतलब जरूर होता है। वहीं, कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो सपनों को केवल सोच से जोड़कर देखते हैं। उनका मानना होता है हम दिन भर में जो कुछ भी देखते, सुनते और सोचते हैं, सपने इनका ही मिला-जुला एक रूप होते हैं लेकिन स्वप्न शास्त्र के अनुसार सपने हमारे भूतकाल, वर्तमान या फिर भविष्यकाल से जुड़े होते हैं। जैसे, अगर आपको भगवान के सपने आते हैं, तो इसके कई अर्थ होते हैं। आइए, विस्तार से जानते हैं कि सपने में भगवान का दिखाई देने का क्या मतलब है। स्वप्न शास्त्र के अनुसार सपने में भगवान दिखाई देने का मतलब यह होता है कि भगवान आपको सपनों के माध्यम से कोई न कोई संकेत देना चाहते हैं। जैसे, अगर आप किसी बात को लेकर परेशान चल रहे हैं और आपको भगवान सपने में मुस्कुराते हुए नजर आए, तो इसका अर्थ यह होता है कि भगवान आपको संकेत दे रहे हैं कि आपको मुश्किलों का सामना धैर्य के साथ करना चाहिए। इसका एक अर्थ यह भी होता है कि आपकी समस्या जल्द ही दूर होने वाली है। अगर किसी व्यक्ति को ऐसा सपना आता है, जिसमें भगवान मुस्कुराते हुए नजर आएं, तो इसका अर्थ यह होता है कि भगवान आपसे बहुत प्रसन्न हैं। साथ ही सपने में मुस्कुराते हुए भगवान का नजर आना इस बात का भी संकेत है कि भगवान की कृपा जल्द ही आप पर बरसने वाली है और आप उनकी कृपा से जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त करने वाले हैं। आप अगर ऐसा सपना आए, जिसमें कि भगवान क्रोधित, उदास या फिर मौन नजर आते हैं, तो इसका मतलब यह होता है कि भगवान आपकी किसी बात से नाराज है। इसका अर्थ यह भी होता है कि आपसे जरूर कोई ऐसी गलती हुई है, जिसके कारण भगवान आपसे निराश हैं। इस संकेत के मिलते ही व्यक्ति को आत्मचिंतन करना चाहिए कि उससे कहां गलती हुई है।

संस्मरण

जब खीज आए खुद पर

डॉ. दीपक आचार्य

❍ इंसान के जीवन में परेशानियां आना स्वाभाविक है। किसी की जिन्दगी में अधिक आती हैं और किसी के जीवन में कम। लेकिन कोई बन्दा ऐसा नहीं मिल सकता जिसके जीवन में परेशानियों से साक्षात हुआ ही न हो।अधिकांश लोग गुस्से में आपा खो देते हैं लेकिन धीर-गंभीर लोग शांतचित्त रहा करते हैं। अक्सर अधिकांश लोगों की मनःस्थिति छोटे-मोटे कामों के न होने अथवा अपने मन के विपरीत होने मात्र से बिगड़ जाती है। मन में सोचे हुए संकल्पों के पूरा न होने से अधिकांश लोगों के चित्त की स्थितियों का बिगड़ जाना स्वाभाविक है लेकिन थोड़े समय बाद स्थिति ठीक हो जाती है।

बहुत से लोगों के साथ इससे भी बढ़कर विषम स्थिति सामने आती है। ये लोग बात-बात में गुस्सा होने लगते हैं, चिड़चिड़ा स्वभाव इतना अधिक खतरनाक हो जाता है कि लोग हमेशा नाक पर गुस्सा चढ़ाये रहते हैं। दिन हो या रात, कोई सा कारण हो या न हो, इनकी उद्विग्नता, अशांति और विचलन हमेशा हावी रहता है। कई बार लोगों की स्थिति यह हो जाती है कि उन्हें अपने पहने हुए कपड़ों से नफरत होने लगती है, हमेशा दाँत किटकिटाने की आदत हो जाती है, हर काम के वक्त लगता है कि जैसे मन मार कर इसे कर रहे हों, हर पल भारी लगता है और अपनी जिन्दगी ऐसे लगती है जैसे कि घसीटने की स्थिति सामने हो। अपने आप से खीज होने लगती है और हर मामले में निराशा ही हाथ लगती है।

जिस समय अपना शरीर खुद को प्रिय नहीं लगे, पहने हुए कपड़े ऐसे लगें जैसे कि काटने दौड़ रहे हों, बिना बात के गुस्सा बना रहे, शरीर में बिना किसी बीमारी के कोई न कोई हरारत रहने लगे, मन में विचलन हो तथा उद्विग्नता के कारण किसी काम में मन न लगे। यह स्थिति तब आती है जब धर्म हमारा साथ छोड़ देता है। जब तक हमारे साथ धर्म रहता है तब तक शरीर उत्साही, आनंददायी और सुकून का अहसास कराने वाला रहता है लेकिन जैसे ही अपना शरीर खुद को ही खराब लगने लगे, तब समझ लेना चाहिए कि धर्म हमसे विमुख हो गया है और जो कुछ नकारात्मक हो रहा है वह इसी वजह से हो रहा है। इस स्थिति में हम चाहें कितने अनुष्ठान करें, पूजा-पाठ करें इसका कोई फल प्राप्त नहीं होता। और हमारी जिन्दगी व्यर्थ होती जाती है। इस अवस्था में चाहिए कि शरीर के शुद्धिकरण के लिए गौमूत्र पान, तुलसीदल और उपवास के साथ शरीर को तप में लगाएं।

हस्तरेखा

हथेली में छुपा है आपकी लंबी उम्र का राज

❍ जीवन में हर व्यक्ति चाहता है कि उसकी उम्र लंबी हो और उसे जीवन में सारे सुख-साधन प्राप्त करके पूरी उम्र जीकर ही इस संसार से विदा ले लेकिन हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार जिन लोगों की हथेली में उम्र की रेखा यानी लाइफ लाइन लंबी होती है, वे न केवल लंबी उम्र जीते हैं बल्कि जीवन में तरक्की भी करते हैं। आइए, विस्तार से जानते हैं कि हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार आपकी हथेली में कहां होती है उम्र की रेखा और क्या होता है इसका मतलब।

हथेली में जीवन रेखा, तर्जनी और अंगूठे के बीच से शुरू होकर कलाई तक जाती है। जीवन रेखा, जिसे लाइफ लाइन भी कहते हैं. यह रेखा व्यक्ति के स्वास्थ्य और जीवन के बारे में बताती है। साफ और गहरी रेखा अच्छी सेहत का संकेत है। इस रेखा पर त्रिभुज का निशान शुभ माना जाता है। अंगूठे के निचले हिस्से को घेरे हुए होती है। स्पष्ट और गहरी जीवन रेखा वाले लोग स्वस्थ और लंबा जीवन जीते हैं। इसके अलावा इस रेखा पर त्रिभुज बनना शुभ माना जाता है। आपकी हथेली पर अगर जीवन रेखा टूटी-फूटी होती है, तो इसका मतलब यह है कि आपको लंबी उम्र जीने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। इसका अर्थ यह है कि आप जीवन में किसी न किसी रोग का शिकार हो सकते हैं।

साथ ही आपकी तबियत बार-बार खराब होती रहती है। हथेली की रेखाएं अगर गहरी और स्पष्ट होती हैं, तो यह इस बात का इशारा है कि आपकी उम्र बहुत ही लंबी होगी और आप बहुत ही स्वस्थ जीवन जिएंगे। हथेली में इस तरह की रेखाएं होने से व्यक्ति बहुत ही खुशहाल जीवन जीता है और बहुत कम बीमार पड़ता है। किसी व्यक्ति की जीवन रेखा दो भागों में बंटी हो, तो इसका मतलब है कि उसकी मृत्यु अपने पैतृक घर से बहुत दूर होकर होगी। यह संकेत कलाई के पास जीवन रेखा के अंतिम हिस्से में दो भागों में बंटने से मिलता है। ऐसे लोग अपनी जीवन के अंतिम समय में घर से दूर होते हैं।

ताज उल जामा मस्जिद, भोपाल

कुदिसिया बेगम के काल में निर्मित जामा मस्जिद भोपाल शहर में एक पूजनीय तीर्थस्थल और लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। इसे आधिकारिक तौर पर ताज- उल- मस्जिद के नाम से जाना जाता है, जिसका अर्थ है "मस्जिदों के बीच ताज"। जामा मस्जिद की शानदार वास्तुकला अपने खूबसूरत तीर्थस्थल और दो ऊंची मीनारों के साथ क्लासिक इस्लामी वास्तुकला का दावा करती है। यह देश की सबसे बड़ी मस्जिद है और महाद्वीप की सबसे बड़ी मस्जिदों में से एक है। जामा मस्जिद का आकर्षण और धार्मिक महत्व पूरे भोपाल के साथ-साथ दूर-दूर से श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। मस्जिद एक बड़े क्षेत्र में फैली हुई है और इसका सरल और आकर्षक डिज़ाइन दूर से ही देखा जा सकता है। यह लाल पत्थरों से बना है और मुख्य संरचना के दोनों ओर दो मीनारें हैं। जामा मस्जिद की पूरी सतह सावधानीपूर्वक नक्काशी और सजावटी खिड़कियों से सजी हुई है, जिसमें तीन संगमरमर के गुंबद नीले आसमान के विपरीत खड़े हैं। परिसर के अंदर, एक छोटा तालाब और शाही बाज़ार क्षेत्र भी मौजूद है। आध्यात्मिक और दिव्य सभी का प्रतीक, ताज -उल- मसाजिद एक अद्भुत अनुभव है। जामा मस्जिद की भव्य इमारत का निर्माण भोपाल के नवाब शाहजहां बेगम ने करवाया था, जो बहादुर शाह जफर के शासनकाल के दौरान बाकी मोहम्मद खान की पत्नी थीं। निर्माण को आगे उनकी बेटी सुल्तान जहां बेगम ने जारी रखा, लेकिन धन की कमी के कारण यह पूरा नहीं हो सका। निर्माण को वर्ष 1971 में मौलाना सैयद हशमत और भोपाल के अल्लामा मोहम्मद इमरान खान नदवी अजहरी के मार्गदर्शन में जारी रखा गया था। जामा मस्जिद का निर्माण अंततः वर्ष 1985 में पूरा हुआ।

आलेख

भ्रम में जीते हैं लोग

❍ ज्ञानियों की मानें तो - इस संसार में देनहार ईश्वर के अलावा कोई भी नहीं है। जब मनुष्य के पास कुछ है ही नहीं तो फिर देने की बात ही बेमतलब है। जो धन-सम्पति मनुष्य के पास उपलब्ध है, उसे मनुष्य समझ लेता है कि वह उसका है, यह सबसे बड़ा भ्रम है। हम देने वाले कैसे - जो कुछ भी हमारे पास है, वह किसी और का दिया हुआ है, तो फिर जब हमारे द्वारा किसी और के पास वह वस्तु हस्तांतरित होती है तो हम देने वाले कैसे हो सकते हैं। एक प्रेरक प्रसंग - रहीम खानखाना का नियम था, कि वे प्रतिदिन गरीब याचकों को दान देते थे और देते समय वह कभी अपनी नज़र दान लेने वाले पर नहीं डालते थे। वह नज़र नीचे करके रूपए-पैसों के ढेर से मुट्ठी भरकर गरीबों को देते थे। अपने नियम अनुसार एक दिन जब वह गरीबों को दान दे रहे थे तो उनसे किसी ने पूछा, 'जैसे-जैसे आपका हाथ दान देने के लिए उठ रहा है, आपके नैन नीचे क्यों झुकते जा रहे हैं? तुम ऐसे दान क्यों देते हो? ऐसा तुमने कहां से सीखा?' देने वाला तो कोई और ही है, जो दिन-रात दे रहा है, लेकिन लोग समझते हैं कि मैं दे रहा हूं, इसलिये मेरी आंखें अनायास ही शर्म से झुक जाती हैं। मनुष्य कहां किसी को कुछ दे सकता है, देने वाला तो दूसरा ही है, जो दिन-रात भेजता रहता है, इन हाथों से दिलवाने के लिए। लोगों को व्यर्थ ही भ्रम हो गया है कि रहीम दान देता है। मेरे नेत्र इसलिए नीचे को झुके रहते हैं कि मांगने वाले को यह भान न हो कि उसे कौन दे रहा है, और दान लेकर उसे दीनता का एहसास न हो। कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि पहले प्रश्न वाला दोहा गोस्वामी तुलसीदास का है, वहीं कुछ लोग इसे कवि गंग का मानते हैं।

वास्तुशास्त्र

इस दिशा में किचन होने से बार-बार बीमार पड़ते हैं लोग

कभी-कभी ऐसा होता है कि अच्छी डाइट लेने के बाद भी लोग बीमार पड़ जाते हैं या फिर अपने ही घर का खाना लोगों को अच्छा नहीं लगता। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के खाने के साथ भी एक ऊर्जा जुड़ी होती है। इस ऊर्जा का हमारे तन-मन पर प्रभाव पड़ता है। जैसे, वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर आपके घर विशेषकर किचन में नकारात्मक ऊर्जा है, तो इसका प्रभाव आपके खाने पर भी पड़ता है। किचन में वास्तु दोष होने से लोग बीमार पड़ने लगते हैं या फिर खाना खाने के बाद उनकी मनोस्थिति सही नहीं रहती। ऐसे में आपको किचन से जुड़े वास्तु नियम जरूर जान लेने चाहिए। आइए, विस्तार से जानते हैं कि आपका किचन किस दिशा में होना चाहिए।

वास्तु शास्त्र के अनुसार आग्नेय कोण को रसोईघर के लिए सबसे शुभ माना जाता है। घर की पूर्व और दक्षिण दिशा के बीच के क्षेत्र को आग्नेय कोण कहते हैं। यह दिशा अग्नि तत्व से जुड़ी हुई है। आग्नेय कोण को अग्नि कोण भी कहा जाता है। अग्नि कोण के स्वामी शुक्र ग्रह हैं। इस दिशा में रसोईघर होने से घर में सुख-समृद्धि तो बनी ही रहती है। साथ ही घर के लोग भी सेहतमंद रहते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ दिशाओं को किचन बनाने के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता। जैसे, उत्तर या ईशान कोण में बना किचन गंभीर रोग का कारण बन सकता है, इसलिए अपने घर में रसोईघर को भूलकर भी दक्षिण-पश्चिम दिशा में न बनाएं। इसके अलावा पश्चिम दिशा को भी किचन बनाने के लिए सही नहीं माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर आप घर की पश्चिम दिशा में किचन बनाते हैं, तो इससे गृह क्लेश की संभावना बढ़ जाती है। आपके रसोईघर अगर गलत दिशा में बन गया है, तो तोड़-फोड़ करने से अच्छा है कि आप किचन में कुछ ऐसे उपाय करें, जिससे कि किचन की ऊर्जा सकारात्मक बनी रह सके। इसके लिए सबसे पहले किचन में सुबह और शाम लोबान का धुआं फैलाएं। इसके अलावा किचन में उत्तर-पूर्व दिशा में सिंदूरी गणेश जी की तस्वीर लगाएं।

क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

❑ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है बढ़ कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने जड़ की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सास (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स

डॉ. आकांशा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D

डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

चंद्रपुर जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक पर साइबर हमला

> हमलावरों ने प्रणाली हैंक कर लगाया करोड़ों का चुना

चंद्रपुर, सुनील तायडे

पिछले कुछ महीनों से भर्ती घोटाले के कारण चर्चा में रहे चंद्रपुर जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक के प्रधान कार्यालय पर साइबर हमला हुआ। जब खाताधारकों के खातों में 'RTGS' और 'NEFT' प्रणाली के माध्यम से धनराशि स्थानांतरित की जा रही थी, उसी दौरान साइबर हमलावरों ने पूरी प्रणाली को हैक कर लिया और 33 ग्राहकों के खातों से 3 करोड़ 70 लाख 64 हजार 742 रुपये हरियाणा में किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते में स्थानांतरित कर दिए गए।

जिला बैंक की मुख्य शाखा के प्रभारी प्रबंधक राजू पांडुरंग दर्वे द्वारा रामनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, बैंक ने 'RTGS' और 'NEFT' सिस्टम के लिए नागपुर स्थित फिनटेक लिमिटेड कंपनी के साथ 'कोर बैंकिंग सिस्टम' के लिए समझौता किया गया है। इसके लिए यस बैंक और फिनटेक लिमिटेड कंपनी के बीच यस बैंक की यंत्रणा का उपयोग करने के लिए एक समझौता हुआ है। चंद्रपुर जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक के सभी 'RTGS' और 'NEFT' लेनदेन इसी माध्यम से किए जाते हैं। धनादेवी मजूर सहकारी पंत संस्था के ग्राहक इमरान पठान ने 7 फरवरी को चंद्रपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में गौतमी एंटरप्राइजेज के खाते में 13,26,680 रुपये का RTGS हस्तांतरण करने के लिए आवेदन किया था। परंतु RTGS के माध्यम से हस्तांतरित राशि संबंधित खाताधारक के खाते में जमा नहीं हुई। 10 फरवरी को पठान ने बैंक के मुख्यालय में शिकायत दर्ज कराई। यह मामला सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के ध्यान में भी लाया गया।

बैंक ने फिनटेक लिमिटेड कंपनी के प्रतिनिधि राकेश कवाडे को इसकी जानकारी दी गई। जब कवाडे ने बैंक की यंत्रणा की जांच की, तो उन्हें 7 और 10 फरवरी को विभिन्न सहकारी पत संस्थाओं की शाखाओं के साथ-साथ अन्य ग्राहकों की RTGS और NEFT लेनदेन प्रणाली में गड़बड़ी नजर आई। यह पाया गया कि धनराशि उन खातों में जमा नहीं की गई जहां उसे जमा किया जाना चाहिए था, बल्कि उसे हरियाणा में किसी तीसरे पक्ष के खाते में जमा किया हुआ दिखाई दिया। हरियाणा में अज्ञात व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हुई रकम. किसी अज्ञात व्यक्ति ने पूरे बैंक सिस्टम को हैक कर बैंक के 33 ग्राहकों के खातों से 3 करोड़ 70 लाख 64 हजार 742 रुपए का गबन कर यह धोखाधड़ी की है। यह पूरी रकम हरियाणा में किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर कर दी गई। बैंक ने मामले की सूचना 'राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग' पोर्टल पर दी है। इसके बाद रामनगर थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई।

एक करोड़ रुपए से अधिक राशि जुटाने में चंद्रपुर पुलिस रही सफल

शिकायत के बाद पुलिस ने एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम बरामद करने में सफलता हासिल की है। हालांकि पुलिस बाकी की रकम बरामद करने का प्रयास कर रही है। इस बीच, इस मामले की जांच चल रही है और इसमें शामिल तीसरा व्यक्ति यानी खाताधारक हरियाणा से है। इसलिए एक विशेष टीम हरियाणा भेजी जाएगी। इस संबंध में रामनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच उप-विभागीय पुलिस अधिकारी को पुलिस अधीक्षक मुम्मक्का सुदर्शन ने सौंप दी।

प्लास्टिक ग्लास के 10 डिब्बे जब्त

> गुप्त सूचना के आधार पर नगर निगम की कड़ी कार्रवाई

चंद्रपुर.

चंद्रपुर महानगरपालिका द्वारा एकल उपयोग प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और उपद्रव जांच दल ने रहमतनगर में सलीम के स्वामित्व वाले गोदाम पर छापा मार कार्रवाई की है और प्लास्टिक के गिलासों से भरे 10 बक्से जब्त किए और संबंधितों पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

आयुक्त एवं प्रशासक विपिन पालीवाल के निर्देशानुसार प्रतिबंधित एवं एकल उपयोग प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई के लिए 8 टीमें गठित की गई हैं। ये सभी टीमें शहर में नियमित ऑपरेशन चलाती हैं। इस बार भी नगर पालिका को इस दुकान के संबंध में गोपनीय सूचना मिली थी। नगर पालिका को अवैध भंडारण के संबंध में कई जानकार व्यक्तियों से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, क्योंकि प्लास्टिक भंडारण और थैलियों के बारे में सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाती है और दी गई सूचना सही पाए जाने पर 5,000 रुपये का इनाम दिया जाता है।

राज्य में 1 जुलाई 2022 से एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के उत्पादन, आयात, भंडारण, परिवहन, वितरण, बिक्री और उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। महाराष्ट्र प्लास्टिक और थर्मोकोल अधिसूचना 2018 के अनुसार, मौके पर 500 रुपये का जुर्माना, संस्थागत स्तर पर 5,000 रुपये तक का जुर्माना, दूसरी बार उपयोग के लिए 10,000 रुपये और तीसरी बार अपराध करने पर 25,000 रुपये का जुर्माना और 3 महीने की कैद है।

उक्त कार्रवाई आयुक्त विपिन पालीवाल के मार्गदर्शन में, अपर आयुक्त चंदन पाटिल, उपायुक्त रवींद्र भेलावे और उपायुक्त मंगेश खवले के प्रत्यक्ष नियंत्रण में, प्रभारी सहायक आयुक्त संतोष गर्गेलवार, डॉ. अमोल शेलके, स्वच्छता अधिकारी भूपेश गोठे, स्वच्छता निरीक्षक महेंद्र हजारे, स्वच्छता निरीक्षक शुभम खोटे, शुभम चिंचेकर, राहुल गगापल्लीवार, प्रफुल पोतराजे के उपस्थिति में हुई।

भारतीय जनता पार्टी चंद्रपुर विधानसभा द्वारा संत रविदास महाराज की शोभायात्रा का स्वागत

> शोभायात्रा में शीतल पेय का वितरण

चंद्रपुर.

संत रविदास महाराज की जयंती के अवसर पर शहर से निकाली गई शोभायात्रा का गांधी चौक में भारतीय जनता पार्टी चंद्रपुर विधान सभा की ओर से स्वागत किया गया. इस अवसर पर शोभायात्रा में भाग लेने वाले समुदाय के लोगों को शीतल पेय वितरित किया गया । संत रविदास महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई । इस अवसर पर सलीम शेख, विनोद शेडकी, नकुल वासमवार, राम जंगम, सुमित बेले, संजय महाकालीवार, स्वप्निल पटकोटवार सहित अन्य भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत रविदास महाराज की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । इस अवसर पर समाज के लोगों द्वारा शहर में भव्य जुलूस निकाला गया । इस जुलूस के स्वागत के लिए भारतीय जनता पार्टी चंद्रपुर विधानसभा द्वारा गांधी चौक पर स्वागत मंच बनाया गया था । जैसे ही जुलूस स्वागत मंच के पास पहुंचा भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने उत्साह के साथ जुलूस का स्वागत किया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया ।

चंद्रपुर जिले में कार्यालय स्वच्छता अभियान लागू करें : विवेक जॉनसन

चंद्रपुर. चंद्रपुर जिले के सभी कार्यालय, कार्यालय शौचालय, शौचालय और कार्यालय परिसर को नियमित रूप से साफ रखा जाना चाहिए। इसके लिए चंद्रपुर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक जॉनसन ने 17 फरवरी से 18 फरवरी, 2025 तक चंद्रपुर जिले में कार्यालय स्वच्छता अभियान लागू करने की चुनौती दी है। चंद्रपुर जिले में मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक जॉनसन के मार्गदर्शन में उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी नूतन सावंत ने जल एवं स्वच्छता, दो दिनों तक कार्यालय स्वच्छता अभियान चलाने की योजना बनाई है। तदनुसार, यह अभियान जिले के सभी कार्यालयों में क्रियान्वित किया जाएगा। कार्यालय स्वच्छता अभियान कम से कम दो दिन तक चलाया जाना चाहिए। इस अभियान के तहत जिले के सभी प्रकार के सरकारी एवं अर्धसरकारी कार्यालयों की सफाई की जाएगी। तालुका स्तर और ग्राम स्तर पर सभी प्रकार के कार्यालयों में कार्यालय स्वच्छता अभियान लागू किया जाएगा। ग्राम स्तर पर मुख्य रूप से स्कूल, आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायत, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कार्यालयों की सफाई की जाएगी। श्रमदान के माध्यम से जनसहभागिता से कार्यालय के शौचालय, शौचालय और आसपास के क्षेत्र की सफाई की जाएगी।इस अभियान के संबंध में जिले के सभी पंचायत समिति के गट विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। सभी कार्यालय कर्मचारी और अधिकारी इस अभियान में भाग लें और चंद्रपुर जिले में दो दिवसीय कार्यालय स्वच्छता अभियान को सफल बनाएं।

चंद्रपुर-मुंबई और चंद्रपुर-पुणे के बीच दैनिक हाई-स्पीड ट्रेनें शुरू करें: विधायक जोरगेवार

> मध्य रेलवे के मुंबई महाप्रबंधक धर्मवीर मीना से की मांग

चंद्रपुर.

चंद्रपुर से मुंबई और पुणे तक यात्रा करने वाले लोगों की संख्या अधिक होने के बावजूद, इस मार्ग पर प्रति सप्ताह एक सुपरफास्ट ट्रेन चल रही है। परिणामस्वरूप यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए विधायक किशोर जोरगेवार ने मध्य रेलवे के मुंबई महाप्रबंधक धर्मवीर मीना से चंद्रपुर-मुंबई और चंद्रपुर-पुणे मार्ग पर दैनिक हाई-स्पीड ट्रेनें शुरू करने की मांग की है ।

मध्य रेलवे के मुंबई महाप्रबंधक धर्मवीर मीना आज चंद्रपुर में थे , तब विधायक किशोर जोरगेवार ने रेलवे स्टेशन के सभाकक्ष में उनसे मुलाकात की और यह मांग की। इस अवसर पर रेलवे विभाग के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक कुशकुमार मिश्रा , मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एस. एस. गुप्ता , मुख्य इंजीनियरिंग प्रबंधक रजनीश माथुर , मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल , नागपुर मंडल रेल प्रबंधक विनायक गर्ग , वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन मित्तल , वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक कृष्णा जी पाटिल , वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त मनोज कुमार , चंद्रपुर स्टेशन प्रबंधक अयाज खान , रेलवे सुरक्षा बल प्रमुख कृष्णानंद राय , वरिष्ठ मंडल नियंत्रण निरीक्षक केशव जैन, चंद्रपुर रेलवे यात्री सेवा संगठन जोनल रेलवे उपयोगकर्ता समन्वय समिति सदस्य दामोदर मंत्री , मंडल रेलवे उपयोगकर्ता समन्वय समिति सदस्य मिलिंद दाभेरे उपस्थित थे।

चंद्रपुर और गढ़चिरौली जिले के हजारों विद्यार्थियों , व्यापारियों , सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमित रूप से मुंबई और पुणे की यात्रा करनी पड़ती है। हालाँकि , वर्तमान में उपलब्ध रेल सेवाओं में 16-18 घंटे लगते हैं। यात्रियों के लिए टिकटों की भी कमी है। परिणामस्वरूप , कई लोगों को नागपुर होकर यात्रा करनी पड़ती है , जो समय लेने वाली और महंगी साबित हो रही है। वर्तमान में नागरिकों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि चंद्रपुर से मुंबई और पुणे के लिए केवल साप्ताहिक ट्रेनें ही उपलब्ध हैं। इस पृष्ठभूमि में , विधायक किशोर जोरगेवार ने मांग की है कि चंद्रपुर-मुंबई और चंद्रपुर-पुणे के बीच एक दैनिक लंबी दूरी की या सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन शुरू की जानी चाहिए । मध्य रेलवे के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना से मांग करते हुए कहा है कि इस हाई स्पीड रेल सेवा से पिछड़े और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा मिलेगा और यात्रियों की असुविधा भी दूर होगी । विधायक किशोर जोरगेवार ने यह भी मांग की है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चांदा पोर्ट रेलवे स्टेशन को मध्य रेलवे के चंद्रपुर स्टेशन से जोड़ने के लिए आवश्यक कॉर्ड लाइन के काम को तुरंत मंजूरी दी जाए और यह काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए ।

कोलकाता के लिए भी विशेष ट्रेन की मांग.

चंद्रपुर में बड़ी संख्या में बंगाली समुदाय के लोग रहते हैं और उन्हें कोलकाता आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में विधायक किशोर जोरगेवार ने भी मध्य रेलवे के मुंबई महाप्रबंधक धर्मवीर मीना से कोलकाता के लिए ट्रेन शुरू करने की मांग की है।

विधायक किशोर जोरगेवार ने श्री माता महाकाली दर्शन यात्रा के लिए विशेष ट्रेन की मांग की

चैत्र नवरात्रि और त्योहारों के दौरान लाखों भक्त चंद्रपुर के प्रसिद्ध श्री माता महाकाली मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। इन तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए, विधायक किशोर जोरगेवार ने जालना-चंद्रपुर मार्ग पर "श्री माता महाकाली दर्शन यात्रा स्पेशल" 30 मार्च से 13 अप्रैल , 2025 और "श्री माता महाकाली महोत्सव स्पेशल" 27 सितंबर से 1 अक्टूबर , 2025 विशेष ट्रेनें चलाने की मांग की है।

उन्होंने यह भी मांग की है कि इन विशेष रेलगाड़ियों में 10 स्लीपर और 10-12 सामान्य डिब्बे होने चाहिए तथा टिकट की कीमतें आम आदमी के लिए किफायती होनी चाहिए।

सनविजय कंपनी के खिलाफ मनसे का विरोध आंदोलन सफल

चंद्रपुर. ताड़ाली एमआईडीसी में सनविजय कंपनी प्रबंधन स्थानीय मराठी श्रमिकों को परेशान कर रहा है और एक दुर्घटना के बाद, एक श्रमिक को चिकित्सा उपचार प्रदान करने के बजाय नौकरी से निकाल दिया गया। जब 10 मजदूरों ने कंपनी के खिलाफ आवाज उठाई तब उन्हें भी नौकरी से निकाल दिया गया। प्रबंधन के निर्णय के विरोध में मनसे कामगार सेना ने कंपनी गेट के सामने धरना दिया। कामगार सेना के जिला अध्यक्ष अमन अंधेवार ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मनसे के उग्र प्रदर्शन और सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय के श्रम अधिकारियों की जांच के बाद कंपनी द्वारा प्रदर्शनकारियों की तीन मांगें मान लेने के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया और सभी श्रमिक काम पर लौट आए।

अंधेवार ने कहा कि मनसे विरोध प्रदर्शन के कारण दुर्घटना में घायल हुए कार्यकर्ता स्वप्निल जोगी को चिकित्सा व्यय और दो महीने का वेतन दिया जाएगा। पिछले सात दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे श्रमिकों को उस दिन का वेतन मिलेगा तथा श्रम कानून के अनुसार श्रमिकों का न्यूनतम वेतन और पीएफ काटा जाएगा। आंदोलन के माध्यम से सैकड़ों श्रमिकों को न्याय मिला है।

मंगलवार को जब सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय के श्रम अधिकारी हड़ताल का संज्ञान लेने के लिए कंपनी में गए तो कंपनी में मौजूद प्रवासी श्रमिक दस से बारह फुट ऊंची दीवार फांदकर भाग गए, लेकिन प्रदर्शनकारी मराठी श्रमिकों ने उन्हें पकड़ लिया। जब उन मजदूरों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वे झारखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार राज्यों से हैं।

कामगार सेना के समर्थन से शुरू किए गए विरोध प्रदर्शन का संज्ञान लेते हुए कंपनी प्रबंधन ने श्रमिकों की तीन मुख्य मांगों को स्वीकार कर लिया और मंगलवार को विरोध प्रदर्शन सफलतापूर्वक समाप्त हो गया। कामगार सेना के जिला अध्यक्ष अमन अंधेवार ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

विरोध प्रदर्शन में मनसे कामगार सेना अध्यक्ष मनोज चव्हाण, मनसे कामगार जिला अध्यक्ष अमन अंधेवार, मनसे जिला उपाध्यक्ष राजू कुकड़े, यातायात सेना जिला अध्यक्ष महेश वासलवार, उमाशंकर तिवारी, जनहित जिला अध्यक्ष रमेश कालबाधे सुनील गुडधे, रोजगार स्वरोजगार जिला अध्यक्ष मनोज तांबेकर, व्यापार सेना जिला अध्यक्ष महेश शास्त्रीकर, अजीत कुमार पांडे, मोहम्मद फैयाज आदि शामिल हुए।

स्वतंत्र जल स्त्रोत बनाएं: सांसद धानोरकर

चंद्रपुर.दिल्ली में चल रहे केंद्रीय बजट सत्र के दौरान सांसद प्रतिभा धानोरकर ने विभिन्न सवालों के जरिए केंद्र सरकार को निशाने पर लिया है। केंद्रीय मंत्री ने चंद्रपुर शहर में स्वतंत्र जल स्रोत के संबंध में 13 फरवरी को उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे का जवाब दिया। इसके साथ ही मंत्री ने रोजगार गारंटी योजना के तहत गांव में 100 दिन काम नहीं मिलने के सवाल का भी जवाब पेश किया । केंद्र सरकार के बजट सत्र के प्रथम चरण के अंतिम दिन सांसद धानोरकर ने एक प्रश्न के माध्यम से खेद व्यक्त किया कि, चंद्रपुर शहर महानगरपालिका के पास अपना जलस्रोत नहीं है तथा उसे सीएसटीपीएस के पास उपलब्ध जलस्रोत पर निर्भर रहना पड़ता है। सांसद धानोरकर ने अपने प्रश्न में यह भी मांग की कि चंद्रपुर शहर महानगरपालिका को अपने स्वयं के जलस्रोत के लिए वर्धा नदी पर बांध बनाना चाहिए तथा उक्त जलस्रोत को महानगरपालिका को सौंप देना चाहिए । सांसद धानोरकर ने सदन में यह मुद्दा भी उठाया कि रोजगार गारंटी योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को 100 दिन का काम नहीं मिलने से ग्रामीणों को काम के लिए शहरों में आना पड़ रहा है। सरकार ने इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार किया है और आश्वासन दिया है.

इराई और झरपट नदियों को गहरा और सुंदर बनाया जाए

> रिपाई आठवले गुट के संदीप जंगम की मांग.

चंद्रपुर.

चंद्रपुर- रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले गुट के युवा नेता और चंद्रपुर महानगर शहर अध्यक्ष संदीप जंगम ने हाल ही में मांग की है कि चंद्रपुर में इराई और झरपट नदियों को गहरा और सुंदर बनाया जाए। हर साल चंद्रपुर जिले में माता महाकाली महोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। राज्य भर से हजारों भक्त माता महाकाली के दर्शन के लिए आते हैं। पूजा स्थल झरपट नदी के भक्त इस अशुद्ध जल में स्नान करते हैं। इस नदी में बहुत सारे जलपर्णी झाड़ों ने नदी की सुंदरता को समाप्त किया है. यानी संबंधित प्रशासन तभी जागता है जब मानसून का मौसम शुरू होता है, और फिर वे साल के बाकी दिनों में सुस्त हो जाते हैं।

यह पता नहीं कि यह नदी, जो वर्ष में एक बार पूजा स्थल बनती है, कब नाले में बदल जाएगी। इराई नदी को थोड़ा सा साफ़ कर दिया गया। लेकिन उदासीनता के कारण वे भी अशुद्ध होते जा रहे हैं। संबंधित प्रशासन को रैपिड्स को बचाने के लिए एक व्यापक अभियान लागू करने की आवश्यकता है। बहती नदी भक्तों के लिए पूजा स्थल और जीवन का स्रोत थी।

लेकिन अब ऐसा लगता है कि नदी नाला बन गई है। इसके विपरीत, इसे प्रदूषित करने वालों की अनदेखी की जा रही है। शहर के उन क्षेत्रों में जहां नदी को उसके प्रवाह ने छुआ और पवित्र किया है, वहां उसकी शुद्धता बनाए रखे बिना ही सीवेज को नदी में बहा दिया जाता है। इसके अलावा, शहर से कुछ सीवेज को नदी में बहा दिया जाता था।

संबंधित विभाग को कम से कम एक कर्मचारी को निगरानी पर रखना चाहिए और नदी की पवित्रता की रक्षा करनी चाहिए।

यह मांग शहर के महानगर अध्यक्ष संदीप जंगम ने संबंधित प्रशासन से अनुरोध के साथ की है।

जिलाधिकारी का छात्रों से संवाद

> भद्रावती में विजासन स्कूल का दौरा

चंद्रपुर.

100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत वरिष्ठ अधिकारी गांव-गांव जाकर स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी आदि का निरीक्षण कर नागरिकों की समस्याएं जानें, ऐसे निर्देश राज्य सरकार द्वारा सभी जिला प्रशासन को दिए गए हैं। इस संबंध में चंद्रपुर जिलाधिकारी विनय गौड़ा ने भद्रावती में विजासन स्कूल का दौरा किया और छात्रों से बातचीत की।

इस अवसर पर वरोरा उपविभागीय अधिकारी जेनिथ चंद्र दोंतुला, भद्रावती तहसीलदार श्री. भंडारकर, कैडर विकास अधिकारी आशुतोष सपकाल, समूह शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रकाश महाकालकर, नगर निगम मुख्य अधिकारी शेलकी माडम, भद्रावती केंद्र प्रमुख मोरेश्वर विद्येय आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी गौड़ा ने छात्रों से स्कूल की खगोल विज्ञान प्रयोगशाला के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने छात्रों से बातचीत की। विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करना चाहिए और जीवन में सफलता प्राप्त करनी चाहिए। कड़ी मेहनत के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। अब परीक्षाएं अगले महीने से शुरू होंगी। आपको इसके लिए अच्छी तैयारी करनी चाहिए। शिक्षा के साथ-साथ हमें अपनी प्रतिभा का भी विकास करना चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्यालय स्थित उद्यान का निरीक्षण किया तथा विद्यालय एवं विद्यालय परिसर के सभी पहलुओं पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरे के दौरान शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ भाऊ दानव, शाला की प्राचार्य अनिता पेंदा, सहायक शिक्षक अमोल वा-हाड़े, जीवने मैडम, चांदेकर मैडम, डोंगरे मैडम, सूरज उमाटे, दीपक कवटी और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

शहरी गरीबों के लिए 'प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0' का तोहफा

> अपने घर का सपना होगा साकार

मुंबई.

शहरी क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को उनके सपनों का घर मिले, यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक विभागीय और शहर-स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ को सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका निभाकर इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य करना चाहिए, ऐसा आह्वान प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अभियान निदेशक एवं राज्यस्तरीय परियोजना प्रबंधन इकाई के मुख्य अधिकारी अजीत कवडे ने किया।

बीकेसी में कोकण संभाग के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 से संबंधित एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल वानखेडे, म्हाडा के मुख्य अभियंता आडे, वित्त नियंत्रक अजयसिंह पवार, आवास विभाग के अवर सचिव रविंद्र खेतले, वरिष्ठ सलाहकार मुकुल बापट, और विभिन्न शहरों के तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित थे। कवडे ने पहले चरण की प्रगति रिपोर्ट को जल्द से जल्द अपलोड कर जियो-टैगिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही, दूसरे चरण के लाभार्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया तुरंत शुरू करने और इसके लिए प्रचार अभियान चलाने की भी सलाह दी।

महाराष्ट्र सरकार ने सस्ती और किफायती आवासीय सुविधाओं का सपना साकार करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 को लागू करने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सितंबर 2024 में केंद्र सरकार ने इस नई योजना के लिए दिशा-निर्देश जारी किए और 14 अक्टूबर 2024 को सह्याद्री में हुई मंत्रिमंडल बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2015 से महाराष्ट्र में लागू है। राज्य के 399 शहरों में इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन जारी है। अब तक 14.70 लाख मकानों को मंजूरी दी जा चुकी है, जिनमें से 3.79 लाख मकान बनकर तैयार हो चुके हैं। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए एक वरदान साबित हुई है। अब, दूसरे चरण में और भी उन्नत सुविधाओं के साथ घर बनाए जाएंगे।

14.70 लाख मकानों को मंजूरी दी जा चुकी

इस योजना के तहत केवल घर ही नहीं, बल्कि जल आपूर्ति, सीवेज प्रबंधन, सड़कें, और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। दिव्यांगजनों के लिए विशेष रैंप, आंगनवाड़ी केंद्र, वर्षा जल संचयन प्रणाली, सौर ऊर्जा समाधान, और हरित क्षेत्रों के लिए स्थानीय वृक्षारोपण जैसी सुविधाओं को भी शामिल किया गया है।

महाराष्ट्र में निकाय चुनाव के लिए एनसीपी ने बनाया कोर ग्रुप

> इन 7 नेताओं को किया शामिल

मुंबई.

महाराष्ट्र में आगामी निकाय चुनाव के लिए राज्य की पार्टियां जोर-शोर से तैयारियों में लगी है। इसके लिए एनसीपी ने कोर ग्रुप बना लिया है। महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय और नगर निकाय चुनावों से पहले, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने शुक्रवार को पार्टी संगठन को मजबूत करने, विभिन्न नीतियों को लागू करने और राज्य भर में सरकारी कल्याणकारी निर्णय लेने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सात सदस्यीय कोर ग्रुप का गठन किया। कोर ग्रुप में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार, कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे, पूर्व मंत्री छगन भुजबल और दिलीप वलसेपाटिल, चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री धनंजय मुंडे शामिल हैं।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का अजित पवार गुट पूर्ववर्ती संयुक्त राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का एक गुट था जिसका नेतृत्व मुख्य रूप से अजित पवार करते थे। तत्कालीन पार्टी अध्यक्ष शरद पवार के साथ कई मतभेदों के कारण, गुट अस्तित्व में आया। गुट ने बाद में पार्टी का नाम रखा। 2 जुलाई, 2023 को, अजित पवार ने एनसीपी में विभाजन का नेतृत्व किया और आठ अन्य एनसीपी विधायकों के साथ कैबिनेट मंत्री के रूप में उपमुख्यमंत्री के रूप में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो गए।

2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने 235 सीटों पर जीत दर्ज की। शिवसेना और एनसीपी ने क्रमशः 57 और 41 सीटें हासिल कीं। ये परिणाम भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुए, जो 132 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।

भुजबल ने कहा, "चेन्नई, तेलंगाना और अन्य राज्यों में लोग अपनी भाषा बोलते हैं। अगर हम हिंदी सीख और बोल सकते हैं, तो दूसरे लोग भी मराठी सीख सकते हैं। यह एक अच्छी भाषा है।" उन्होंने आगे कहा, "अगर हम किसी राज्य में जाते हैं, तो हमें उस जगह की भाषा सीखने की कोशिश करनी चाहिए।

सरकारी कार्यालयों में मराठी अनिवार्य

इससे पहले, एनसीपी के छगन भुजबल ने राज्य भर में सरकारी और सरकारी-संबंधित कार्यालयों में मराठी को अनिवार्य बनाने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले का समर्थन किया। नासिक में बोलते हुए, भुजबल ने स्थानीय भाषाओं का सम्मान करने और अन्य राज्यों के साथ तुलना करने के महत्व पर प्रकाश डाला, जहां आधिकारिक और सामाजिक संचार में स्थानीय भाषाएं हावी हैं।

हम जवाब चाहते है, जांच एजेंसियों पर धनंजय ने उठाए सवाल

> बोले- बैखोफ घूम रही है टीम 'बी'

मुंबई. बीड जिले के मस्साजोग में मारे गए सरपंच संतोष देशमुख के भाई धनंजय देशमुख ने शुक्रवार को दावा किया कि कथित तौर पर जबरन वसूली के एक संबंधित मामले में गिरफ्तार वाल्मिक कराड और अन्य आरोपियों की मदद करने वाले लोगों का एक समूह बेखौफ घूम रहा है। सरपंच संतोष देशमुख के भाई धनंजय देशमुख ने कहा कि महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड की एक ''बी टीम'' अब भी बीड में सक्रिय है और यह उनकी व अन्य लोगों की मदद कर रही है। धनंजय देशमुख ने कहा कि उन्होंने इन लोगों के बारे में जांच एजेंसियों को सूचित कर दिया है।

धनंजय देशमुख ने कहा कि "बालाजी तंदले, संजय केदार, वायबासे" ने कराड और उनके (धनंजय) भाई की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार लोगों की मदद की थी। उन्होंने कहा, ''ये लोग मेरे भाई की हत्या के मामले में आरोपियों को अदालत ले जाते समय वहां होते हैं" और वे कराड की 'बी' टीम हैं।

धनंजय देशमुख ने दावा किया कि तंदले के पास अपराध में इस्तेमाल की गई कार थी, जबकि वायबासे ने आरोपियों से ऑनलाइन वित्तीय लेन-देन किया था। उन्होंने दावा किया कि हत्या के बाद 10-15 दिन तक फरार रहने वाले तीनों लोगों को बाद में पूछताछ के लिए लाया गया और छोड़ दिया गया। धनंजय ने कहा, "मैंने पुलिस को कराड की 'बी' टीम के बारे में बताया है। हमने एक आवेदन के माध्यम से जांच एजेंसियों को इन लोगों के बारे में सूचित किया था, लेकिन हमें नहीं पता कि उसके बाद क्या हुआ। हम जवाब चाहते हैं।" कराड की गिरफ्तारी के बाद से मंत्री मुंडे विपक्ष और सत्तारूढ़ गठबंधन के कुछ नेताओं के निशाने पर हैं।

किशोरी से दुष्कर्म

मुंबई. पालघर शर्मनाक घटना सामने आई है. यहां किशोरी के साथ उसके चाचा और भाई ने रेप की वारदात को अंजाम दिया. इसके बाद जब पीड़िता प्रेग्नेंट हो गई तो जबरन उसका अबॉर्शन करवा दिया. इस मामले की शिकायत पीड़िता ने पुलिस से की है. पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. एजेंसी के अनुसार, यह मामला पालघर का है. पुलिस का कहना है कि यहां की रहने वाली 16 साल की लड़की के साथ उसके भाई और चाचा ने बार-बार रेप की घटना को अंजाम दिया. इस दौरान लड़की प्रेग्नेंट हो गई. जब आरोपियों को इस बात का पता चला तो वे लड़की को लेकर मेडिकल हेल्प में गए और अबॉर्शन करवा दिया. अपनी शिकायत में लड़की ने कहा है कि बीते साल अक्टूबर और दिसंबर के बीच उसके भाई और चाचा ने कई बार उसके साथ घिनौना काम किया.

26/11की पीड़िता देविका रोटावन ने जताई खुशी

मुंबई. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने की घोषणा की और कहा कि उसे न्याय का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस में द्विपक्षीय बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह घोषणा की।

इस बयान के बाद भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत तहव्वुर राणा के आत्मसमर्पण और अमेरिका से उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पर काम कर रहा है। इस बयान के बाद भारतीयों में खुशी की लहर है कि आखिरकार आरोपी को वापस भारत लाया जा रहा है और उसे अब सजा भी भुगतनी पड़ेगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने की मंजूरी दिए जाने पर, 26/11 हमले की पीड़िता देविका नटवरलाल रोटावन ने कहा, "मुझे बहुत खुशी है कि उसे भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा और मैं चाहती हूं कि उसे जल्द से जल्द भारत प्रत्यर्पित किया जाए।"

26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को कड़ी सजा देने के बारे में देविका ने कहा, "उसे कड़ी सजा दी जानी चाहिए और इस बात की जांच होनी चाहिए कि उसने हमलों की योजना कैसे बनाई और इतने सारे लोग क्यों मारे गए? मैं उसके (तहव्वुर राणा) लिए मौत की सजा की मांग करती हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, "मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मेरे प्रशासन ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले के साजिशकर्ताओं में से एक (तहव्वुर राणा) और दुनिया के सबसे बुरे लोगों में से एक को भारत में न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने को मंजूरी दे दी है। वह न्याय का सामना करने के लिए भारत वापस जा रहा है।

महिला से छेड़छाड़

मुंबई. ठाणे में शर्मनाक मामला सामने आया है. यहां 27 साल का युवक पब्लिक टॉयलेट में झांक रहा था. इस दौरान जब महिला ने युवक को देखा तो उसने शोर मचा दिया. इस पर युवक मौके से फरार हो गया. महिला ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है. पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा. एजेंसी के अनुसार, आरोपी करिबुल साबिद शेख पब्लिक टॉयलेट की देखरेख करता था. आरोप है कि वह महिला जब बाथरूम में नहा रही थी, तब वह बाथरूम में ताक-झांक कर रहा था. जब महिला ने देखा कि एक युवक झांक रहा है तो डर और गुस्से में आकर उसने शोर मचा दिया.

फडणवीस और शाह के बीच हुई बैठक

> बोले- 6 महीनों में लागू होगे नए आपराधिक कानून

नई दिल्ली.

पत्रकारों से बात करते हुए, फडणवीस ने साझा किया कि महाराष्ट्र ने पहले ही नए कानूनों को लागू करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है और उल्लेख किया कि सात साल से अधिक पुराने मामलों के लिए फोरेंसिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए 27 वैन तैनात की गई हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को घोषणा की कि राज्य अगले छह महीनों के भीतर नए आपराधिक कानूनों को 'पूरी तरह से' लागू कर देगा। यह नए प्रावधानों के कार्यान्वयन प्रक्रिया के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ नॉर्थ ब्लॉक में एक समीक्षा बैठक के बाद आया।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि राज्य ने अदालतों के लिए ऑनलाइन सिस्टम स्थापित किए हैं, लेकिन नए प्रावधानों के तहत, अदालतों और फोरेंसिक प्रयोगशालाओं में समर्पित और निर्दिष्ट क्यूबिकल स्थापित करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र के 90 प्रतिशत पुलिस बल, जिसमें 2 लाख कर्मी शामिल हैं, को पहले ही नए कानूनों को लागू करने के लिए प्रशिक्षित किया जा चुका है।

लेकिन नए कानून के अनुसार, हमें अदालतों और फोरेंसिक प्रयोगशालाओं में एक निर्दिष्ट, समर्पित और अधिसूचित कक्ष स्थापित करना होगा। हमने इस पर काम करना शुरू कर दिया है और यह अगले 6 महीनों में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा, "मामलों की सुनवाई वीडियोकांफ्रेंसिंग के जरिए अदालत में की जाएगी और आरोपी को बार-बार अदालत में पेश नहीं होना पड़ेगा। यह एक अच्छी बैठक थी।

1 जुलाई, 2024 को देश भर में लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों का उद्देश्य भारत की कानूनी प्रणाली को अधिक पारदर्शी, कुशल और समकालीन समाज की जरूरतों के अनुकूल बनाना है। ये ऐतिहासिक सुधार भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में ऐतिहासिक बदलाव का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो साइबर अपराध और संगठित अपराध जैसी आधुनिक चुनौतियों से निपटने और विभिन्न अपराधों के पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए नए ढांचे लाते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री के अनुसार, चंडीगढ़ नए आपराधिक कानूनों को पूरी तरह से लागू करने वाला देश का पहला शहर बन गया है।

सात साल पुराने मामलों के लिए खास वैन

महाराष्ट्र के सीएम ने कहा, "शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन आपराधिक कानूनों के संबंध में एक समीक्षा बैठक बुलाई। गृह मंत्री ने समीक्षा की कि हम कानूनों में नए प्रावधानों पर कैसे काम कर रहे हैं। महाराष्ट्र राज्य की ओर से, हमने उन्हें सूचित किया कि हमने सात साल से पुराने मामलों के लिए फोरेंसिक बुनियादी ढांचे के लिए 27 वैन तैनात की हैं। हमने अदालतों के लिए ऑनलाइन सिस्टम स्थापित किए हैं,

सुप्रीम कोर्ट ने पूजा खेडकर को दी राहत

मुंबई. सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से संरक्षण देने के अपने अंतरिम आदेश को बढ़ा दिया है। पूजा खेडकर पर 2022 संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा के लिए पात्रता प्राप्त करने के लिए अपने दस्तावेजों में जालसाजी करने का आरोप है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू के अनुरोध पर दिल्ली पुलिस को खेडकर द्वारा अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए और समय दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि "तीन सप्ताह बाद सूचीबद्ध करें। तब तक अंतरिम संरक्षण जारी रखा जाए, बशर्ते वह जांच में सहयोग कर रही हो।" मामले की सुनवाई के दौरान, खेडकर का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने पीठ को बताया कि उन्हें पुलिस ने पूछताछ के लिए नहीं बुलाया है और वह सहयोग करने को तैयार हैं। सुनवाई की पिछली तारीख पर, शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि अगली सुनवाई तक पूर्व प्रशिक्षु पूजा खेडकर के खिलाफ कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाए। खेडकर पर संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा पास करने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग और बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण का धोखाधड़ी से लाभ उठाने का आरोप है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए खेडकर के खिलाफ कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा था कि यह "न केवल एक संवैधानिक निकाय के साथ बल्कि समाज और पूरे राष्ट्र के साथ धोखाधड़ी का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।"

जाहीर सुचना

आम जनता को सुचित किया जाता है की मेरे पक्षकार, 1) मोहम्मद जावेद अब्दुल नबी, 2) मोहम्मद इमरोज अब्दुल नबी ने **शेख इम्तियाज शेख जब्बार** रहना चितार ओली नागोबा गल्ली नं. 2 नागपुर से इनका मकान का सौदा किया है।

-:: स्थावर मालमत्ता का विवरण ::-
खास मौजा-बिडीपेठ पटवारी हलका नं. 39, रा.नि.म. पारडी, खसरा नं. 52, 54 में डाले गए ले-आऊट गौसीया लेबर को आपरेटिव्ह सोसायरी लिमिटेड के अंदर प्लाट नं. 134 जिसकी लंबाई उत्तर-दक्षिण में 50 फुट और पूर्व-पच्शिम मे 30 फुट है इसका कुल क्षेत्रफल 1500 चौरस फुट है। इसकी चर्तुः सिमा - पुर्वे मे प्लांट नं 134, पश्चिम में प्लॉट नं. 133, उत्तर में जान. 142 और दक्षिण मे रोड है.
उक्त अचल संपत्ति के वारिसों, या कोई हितकार हो, या टोकन करारपत्र, विक्रीपत्र, उपहार, विक्रय पत्र, अर्ध-सरकारी ऋण, यदि कोई बंधक हो, तो सार्वजनिक नोटिस के प्रकाशन से 7 दिनों के अंदर लिखित पत्र के साथ मेरे पक्षकार से मिले या कृपया इस पर ध्यान दें.

नागपूर, दि. 15/02/2025

एडवोकेट अनुशासक बांसोड
9673166786/ 9021666888
प्लाट नं. 12, गौसीया सोसायटी, उमरेड रोड, नागपूर.

आज का राशिफल

मेष - आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपको बेवजह किसी बातों को लेकर गुस्सा करने से बचना होगा।

वृषभ - आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको काम अधिक रहने के कारण आप अपनी सेहत के साथ लापरवाही कर सकते हैं।

मिथुन - आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस में कुछ नई योजनाओं को लेकर बातचीत करेंगे।

कर्क - आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको अपनी सेहत पर भी पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

सिंह - आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

कन्या - आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप भावनाओं में बहकर कोई गलती ना करें,

तुला - आज का दिन आपके लिए समस्याओं से निजात दिलाने वाला रहेगा। आपके व्यवसाय में लंबे समय से यदि कुछ समस्या चली आ रही थी

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। व्यवसाय कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है।

धनु - आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। आप अपनी वाणी की सौम्यता बनाए रखे,

मकर - आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। भाई बहनों से आप यदि कोई मदद मांगेंगे,

कुंभ - आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान को बढ़ाने वाला रहेगा। आप परिवार में यदि किसी सदस्य को कोई सुझाव देंगे,

मीन - आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपने कामों को मौज-मस्ती के मूड में करेंगे।

कार्यालय
उमरेड नगर परिषद, उमरेड
जिल्हा-नागपुर
कार्यालय : गांधी सागर तलावाजवळ, कावरापेठ रोड, उमरेड- ४४१२०३
फोन:- ०११६ २४२००७, २४२८५७, २४२५५७
email:-nagarparishdumred@gmail.com
एमसीयु/बां.वि./154/2025 दि. 13/2/2025

ई-निविदा सूचना क्रमांक -२९/२०२४-२५ (पहिली वेळ)

मुख्याधिकारी, नगर परिषद उमरेड, जिल्हा नागपुर यांचे लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे नागरी वस्ती सुधार योजना सन २०२४-२५ अंतर्गत बांधकामाचे ई-निविदेबाबतचा नमूना महाराष्ट्र शासनाच्या https://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर (वेबसाईटवर) दिनांक 14/02/२०२५ पासून पाहावयास उपलब्ध आहे. सदर कामाची निविदा ही फक्त ई-निविदा पद्धतीनेच मागविण्यात येत आहे.

ई - निविदा प्रसिध्दीचा तपशिल

ऑनलाईन ई निविदा प्रसिध्दी -	दिनांक १४/०२/२०२५ वेळ सकाळी 11.00 वाजता
ई-निविदा दस्ताऐवज डाउनलोड व सादर करण्याचा कालावधी	दिनांक १४/०२/२०२५ वेळ सकाळी 11.00 वाजतापासुन ते दिनांक 28/०२/२०२५ दुपारी 4.00 पर्यंत
ई-निविदा उघडण्याचा दिनांक	दिनांक ०४/ ०३ / २०२५ ला दुपारी 12.00 वाजता शक्य झाल्यास.
लिफाफा क्र. १ व २ ची संगणकीय प्रिंटिंग प्रत (हार्ड कॉपी) सादर करावयाचा दिनांक	दिनांक ३/०३ / २०२५ ला दुपारी 4.00 वाजेपर्यंत

अटी व शर्ती -
१. अटी व शर्ती महाराष्ट्र शासनाच्या http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर ऑनलाइन पहावयास मिळेल.

स्वा./-
(अर्चना मेंढे)
मुख्याधिकारी
नगर परिषद, उमरेड

बालविकास प्रकल्प अधिकारी कार्यालय (नागरी) नागपुर शहर-उत्तर

अंगणवाडी मदतनीस या मानधनी पदासाठी जाहिरात

कार्यालयीन दूरध्वनी क्र. २५६५१०८/२५६०६५१ ई-मेल: dirinf.advt@gmall.com
आवक क्र/नाग/संमावज, जाहिरात २०२५/३८३ दिनांक: १४/०२/२०२५

बालविकास प्रकल्प अधिकारी (नागरी) नागपूर शहर उत्तर च्या कार्यक्षेत्रातील अंगणवाडी मदतनीसच्या एकूण 17 जागा महिला व बाल विकास विभाग शासन निर्णय 30 जानेवारी 2025 च्या अनुषंगाने पूर्णपणे मानधनी तत्त्वावर भरण्यात येणार आहेत. यासाठी पात्र उमेदवारांकडून विहित मुदतीत अर्ज मागविण्यात येत आहेत.

रिक्त पदांचा तपशील

अ. क्र.	पदाचे नाव	रिक्त पदांची संख्या
1	अंगणवाडी मदतनीस	17
2	एकूण	17

पात्रता निकष : 1. एकूण रिक्त जागा: 17. **2. पदाचे नाव:** अंगणवाडी मदतनीस. **3. पदाचे स्वरूप:** कंत्राटी मानधन तत्त्वावर **4. पात्रता:** किमान 12 वर्ग उत्तीर्ण **5. वयोमर्यादा :** 18 ते 35 वर्षे (विधवा उमेदवारांना 40 वर्षे) 6. एकत्रित मानधन : रुपये 7500/दरमहा (शासन नियमाप्रमाणे वाढ)
7. उमेदवार: केवळ महिला उमेदवारांसाठी **अर्ज मिळण्याचे ठिकाण:** बालविकास प्रकल्प अधिकारी कार्यालय, प्लॉट नंबर 2 मानव नगर, नागपूर
अटी व शर्ती 1. उमेदवार कार्यक्षेत्रातीलच रहिवासी असावा. प्रकल्या बाहेरच्या उमेदवारांचे अर्ज नाकारण्यात येतील. 3. अर्जासोबत सर्व प्रमाणपत्रांच्या साक्षांकीत प्रति आणि लहान कुटुंबाचे प्रमाणपत्र जोडणे आवश्यक आहे. 4. विधवा/ अनाथ उमेदवारांनी अर्जा सोबत सक्षम प्राधिकारी पांचे प्रमाणपत्र जोडावे. 5. मुदतीनंतर आलेल्या अर्जाचा विचार करण्यात येणार नाही 6. अर्जासोबत सर्व अटी व शर्ती कार्यालयात उपलब्ध आहेत. 7. अर्ज स्वीकारण्याची तारीख दिनांक, 15/2/2025 ते दिनांक 28/2/2025 सायंकाळी सहा वाजेपर्यंत असेल. 8. सविस्तर अटी व शर्ती जाहिरातीच्या नमुन्यात उपलब्ध आहेत. 9. जाहिरात कोणत्याही स्तरावर रद्द करणे, पदसंख्येत बदल करणे याचे अधिकार बालविकास प्रकल्प अधिकारी यांना राहतील.

स्वा./-
(डॉ. कैलास घोडके)
बालविकास प्रकल्प अधिकारी (ना) नागपूर शहर-उत्तर

क्र. संमावज/नाग 768/2025

सुकेश ने वैलेंटाइन पर जैकलीन को गिफ्ट किया प्राइवेट जेट

कथित ठग सुकेश चन्द्रशेखर अकसर जेल से जैकलीन फर्नांडीज के नाम लेटर भेजरा रहता है. वहीं अब उसने वैलेंटाइन डे के मौके पर बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज को एक रोमांटिक लेटर भेजा है. अपने लेटर में, सुकेश ने जैकलीन को "बेबी गर्ल" लिखा और उनके एक्ट्रेस के लिए अपने प्यार का इजहार किया

सुकेश ने लिखा, "बेबी गर्ल, सबसे पहले तुम्हें वैलेंटाइन डे की बहुत-बहुत शुभकामनाएं, बेबी इस साल की शुरुआत बहुत सारी पॉजिटिविटी और हमारे लिए बहुत खास चीजों के साथ हुई है, और यह वैलेंटाइन भी बेहद खास है क्योंकि यह हमारी लाइफ के बाकी वैलेंटाइन डे एक साथ बिताने से बस एक कदम दूर है."

सुकेश ने आगे लिख, "बेबी, इससे पहले कि मैं आगे कुछ कहूं, मैं एक पल के लिए कहना चाहता हूं, जैकी, मैं तुमसे सच में बहुत प्यार करता हूं, तुम दुनिया के सबसे अच्छे वेलेंटाइन हो, मैं तुम्हें पागलों की तरह प्यार करता हूं.सुकेश ने आगे बताया कि वह वैलेंटाइन डे पर जैकलीन को एक प्राइवेट जेट गिफ्ट कर रहे हैं. उसने बताया कि जेट पर एक्ट्रेस के नाम के पहले लेटर्स लिखे हुए हैं. इतना ही नहीं, उसने यह भी दावा किया कि जेट का रजिस्ट्रेशन नंबर भी जैकलीन की डेट ऑफ बर्थ है."इसी के साथ सुकेश ने आगे लिखा,"बेबी, आप हमेशा काम की शूटिंग के लिए दुनिया भर में उड़ान भरती रहती हैं, अब इस जेट के साथ, आपकी जर्नी आपकी पसंद और सुविधा के अनुसार बेहद आसान हो जाएगी."सुकेश ने यह भी क्लियर किया कि इस जेट पर कानूनी अधिकारियों द्वारा सवाल नहीं उठाया जा सकता क्योंकि ये क्राइम की कथित आय नहीं है.उसने लास्ट में लिखा, ``बेबी, इस वैलेंटाइन पर मेरी एक ही इच्छा है, अगर दोबारा जन्म होता है तो मैं तुम्हारे दिल के रूप में जन्म लेना चाहता हूं, ताकि मैं तुम्हारे अंदर धड़कता रहूं, मेरे बोम्मा, मैं इस प्लेनेट पर रहने वाला सबसे लकी आदमी हूं, कि मुझे इस लाइफ में सबसे सुंदर, सबसे अमेजिंग इंसान, तुम मेरे वेलेंटाइन के रूप में मिले. बता दें कि सुकेश चन्द्रशेखर, 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के मामले में दिल्ली की मंडोली जेल में बंद हैं. उसके जैकलीन के साथ रिश्ते में होने की अफवाह थी. हालांकि अभिनेत्री ने बार-बार सुकेश के साथ किसी भी तरह के रोमांटिक रिश्ते से इनकार किया है, वह इस मामले में आरोपी हैं और प्रवर्तन निदेशालय ने उनसे कई बार पूछताछ भी की है. फरवरी 2024 में, जैकलीन फर्नांडिस ने भी सुकेश पर उनकी छवि को बदनाम करने के लिए मीडिया को एक टूल के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था. एक्ट्रेस ने उस पर उत्पीड़न का भी आरोप लगाया था और अदालत से उसके खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की थी।. हालांकि बाद में एक्ट्रेस ने अपनी याचिका वापस ले ली थी.

मलाइका का डांस देख अर्जुन की बोलती हुई बंद

मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का रिश्ता एक वक्त पर काफी चर्चा में था, हालांकि बाद में दोनों एक-दूसरे से अलग हो गए. लेकिन दोनों का रिश्ता खत्म हो जाने के बाद भी सभी की नजरें इन पर ही टिकी होती हैं. हाल ही में दोनों को लंबे वक्त के बाद एक साथ देखा गया, जिसके दोनों के वापस साथ आने की खबरें सामने आने लगी हैं. हालांकि, वीडियो देखने के बाद से उनके फैन्स को भी उनके पैच अप की उम्मीद लगाए बैठे हैं. हालांकि, ये वीडियो अर्जुन की अपकमिंग फिल्म के प्रमोशन के दौरान की है. अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत सिंह स्टार फिल्म मेरे हस्बैंड की बीवी 21 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. इस फिल्म के रिलीज से पहले उनकी टीम फिल्म के प्रमोशन में लगी हुई है. इसी दौरान अर्जुन कपूर रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट डांसर' VS 'सुपर डांसर में नजर आए, जिसमें मलाइका अरोड़ा बतौर जज शामिल थीं. हाल ही में उस एपिसोड का प्रोमो रिलीज किया गया है, जिसमें मलाइका अपने बेहतरीन गानों पर डांस करती नजर आई, तो वहीं अर्जुन उनको टकटकी लगाकर देखते हुए दिखे. हालांकि, इससे भी ज्यादा खास मौका तब था, जब एक्टर से मलाइका के डांस के बारे में पूछा गया. इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, "मेरी बोलती बंद हो चुकी है सालों से, मैं अभी भी चुप रहना चाहता हूं. इस पर मलाइका हंसते हुए उनकी बात में हामी भरती हैं. लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि मुझे अपने सभी पसंदीदा गाने सुनने का मौका मिला है जो उनके करियर के बेस्ट हैं." आगे अर्जुन ने कहा कि जिस तरह का म्यूजिक, जिस तरह की परफॉर्मेंस है, उससे किसी ऐसे को ट्रिब्यूट देना जो अभी भी कमाल कर रहा है वो काफी अच्छा है, बधाई हो मलाइका. आपको पता है कि मुझे आपके ये सारे गाने कितने पसंद हैं.

फिर से मुश्किलों में फंसे एल्विश

रणवीर इलाहाबादिया हाल ही में लोगों के बीच अपने बयान को लेकर काफी ज्यादा ट्रोल हो रहे हैं, अब इसी तरह के एक केस में एल्विश यादव की मुश्किलों को बढ़ा दिया है. दरअसल, कुछ दिन पहले ही एल्विश यादव ने अपने पॉडकास्ट में बिग बॉस 18 की कंटेस्टेंट चुम दरांग को लेकर काफी मजाक बनाया था. इस पॉडकास्ट में उनके साथ रजत दलाल भी शामिल थे. साथ ही उन्होंने चुम के नॉर्थ ईस्ट से होने को भी लेकर रेसिस्ट कमेंट किया है. एल्विश यादव को नेशनल कमीशन ऑफ वुमेन की तरफ से अब इस मामले को लेकर समन भेजा गया है, जिसमें उन्हें 17 फरवरी को पेश होने के लिए कहा गया है. दरअसल, एल्विश ने चुम के नाम का और उनकी फिल्मों का भी मजाक उड़ाया था. यूट्यूबर ने कहा कि उसके तो नाम में ही अश्लीलता है, देखो उसका नाम चुम है और उसने क्या काम किया है. इस पर जवाब देते हुए रजत दलाल ने 'गंगुबाई' का नाम लिया. इस मामले में चुम ने भी अपनी आवाज उठाई. उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए दोनों को काफी कुछ सुनाया था. उन्होंने कहा कि दोनों ने केवल उनके नाम का ही नहीं बल्कि फेमस डायरेक्टर संजय लीला भंसाली का भी अपमान किया है.





आश्रम 3 में दिए बोल्ड सीन

बहुचर्चित वेब सीरीज "एक बदनाम... आश्रम 3" का दूसरा पार्ट जल्द ही रिलीज होने वाला हा। इसमें बॉबी देओल फिर से बाबा निराला के किरदार में लौटेंगे। इससे पहले वाले पार्ट में एक्ट्रेस ईशा गुप्ता भी थीं। उन्होंने सीरीज में कई बोल्ड सीन दिए, जिनकी चर्चा सोशल मीडिया पर खूब हुई। उन्हें कैसे मिला ये रोल, लव सीन कैसे फिल्माए जाते थे।

बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वो आश्रम की पहली दो सीरीज की बहुत बड़ी फैन रही हैं और उन्होंने इसे बड़े चाव से देखा। उन्होंने ये भी बताया था कि कैसे उनको ये सीरीज मिली। ईशा गुप्ता ने कहा- "मुझे टीम से कॉल आया कि प्रकाश जी मुझे इस किरदार के लिए देख रहे हैं। लेकिन कोविड के कारण 5-6 दिन बर्बाद हो गए। इसके बाद मैं रोजाना प्रकाश जी को मैसेज करने लगी, सुबह से रात तक उन्हें गुड मॉर्निंग और गुड नाइट तक भेजती थी। एक बार उन्होंने मुझे बताया कि किसी और को कास्ट किया जा चुका है, लेकिन मैंने हार नहीं मानी और आखिरकार मैं शो का हिस्सा बन गई।"

हार के बावजूद भारतीय टीम का क्वार्टरफाइनल में प्रवेश

दक्षिण कोरिया से कड़े संघर्ष में 2-3 से हारी टीम

नई दिल्ली.

बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारत को ग्रुप-डी के दूसरे मैच में गुरुवार को दक्षिण कोरिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। हार के बावजूद भारतीय बैडमिंटन टीम ने ग्रुप में दूसरे स्थान रहते हुए टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है।

इस मुकाबले में तनीषा क्रेस्टो व ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी को जू डोंग की और इयुन ना जियोंग से 21-11, 12-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद महिला एकल में मालविका बंसोड़ को जिन यू सिम से सीधे गेम में हार मिली और इसी के साथ दक्षिण कोरिया ने 2-0 से बढ़त हासिल कर ली।

निर्णायक पुरुष युगल मैच में एमआर अर्जुन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी योंग जिन और सेउंग सुंग से 21-14, 25-23 से हार गई। **सतीश और गायत्री-त्रिशा की जोड़ी ने दिलाई भारत को वापसी**

सतीश ने खोला खाता. सतीश करुणाकरण ने पुरुष एकल मैच में जियोनीओप चो पर 17-21, 21-18, 21-19 से जीत दर्ज कर मुकाबले में वापसी की। गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जॉली की जोड़ी ने जी मिन किम और जंग यू किम को 19-21, 21-16, 21-11 से हराकर मुकाबले को 2-2 से बराबरी पर ला दिया।

स्वीयाटेक का दोहा में शानदार प्रदर्शन

नई दिल्ली.

तीन बार की गत विजेता और पूर्व विश्व नंबर 1 इगा स्वीयाटेक ने गुरुवार को यहां क्वार्टर फाइनल में एलेना रिबाकिना को 6-2, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में वापसी की, जिससे क़तर ओपन में उनकी कुल लगातार 15वीं जीत दर्ज हुई। पिछले साल के चैंपियनशिप मैच के रीमैच में, स्वीयाटेक ने दूसरे सेट में 4-2 से पिछड़ने के बाद वापसी की और 4-4 पर दो ब्रेक पॉइंट बचाए, और 1 घंटे और 36 मिनट में सीधे सेटों में जीत हासिल की। यह जीत स्वीयाटेक की 121 मैचों में डब्ल्यूटीए

1000 स्तर पर 100वीं जीत है – जिससे वह सेरेना विलियम्स के बाद इस मुकाम तक पहुंचने वाली दूसरी सबसे तेज खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने ऐसा करने के लिए 115 डब्ल्यूटीए 1000 मैच खेले हैं। पिछले महीने यूनाइटेड कप में रिबाकिना को हराने के बाद स्वीयाटेक ने अब कजाख खिलाड़ी के खिलाफ अपना सर्वकालिक रिकॉर्ड 4-4 कर लिया है और वह 2000 के बाद से एक ही इवेंट में लगातार चार खिताब जीतने वाली दूसरी डब्ल्यूटीए खिलाड़ी बनने की अपनी खोज में लगी हुई हैं।

श्रीलंका ने वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराया

नई दिल्ली.

ऑस्ट्रेलियाई टीम को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है. श्रीलंकाई टीम ने कोलंबो वनडे में उसे बुरी तरह हरा दिया है. पहले बैटिंग करते हुए श्रीलंका ने 282 रनों का लक्ष्य रखा था. ये स्कोर कंगारू टीम के लिए पहाड़ जैसा साबित हुआ और उसके बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए. पूरी टीम महज 107 रन पर ढेर हो गई. इस तरह श्रीलंका ने मुकाबले में 174 रनों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की. बता दें रनों के लिहाज से किसी भी एशियन टीम के खिलाफ ये ऑस्ट्रेलिया की ये सबसे बड़ी हार है. इसके साथ ही कंगारू टीम क्लीन स्वीप भी हो गई है और वनडे सीरीज को 2-0 से गंवा दिया है. बता दें 43 सालों के बाद श्रीलंका के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई टीम का वनडे में पूरी तरह सफाया हुआ है. इससे पहले श्रीलंका ने 1982 में ये कारनामा किया था.

ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी लगातार दूसरी बार इस वनडे सीरीज में नाकाम साबित हुई. पहले वनडे में भी कंगारू टीम 215 रनों के लक्ष्य को चेज नहीं कर सकी थी. पूरी टीम सिर्फ 165 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई थी. यही हाल दूसरे मैच में भी देखने को मिला. 282 रन चेज कर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम शुरू में ही लड़खड़ा गई. टीम ने तीसरे ओवर में ही अपना पहला विकेट गंवा दिया. इसके बाद 5वें और 7वें ओवर में भी उसे एक-एक झटके लगे. इससे टीम ने 7 ओवर में ही टॉप ऑर्डर के 3 विकेट गंवा दिए और दबाव में आ गई. हालांकि, इसके बाद कप्तान स्टीव स्मिथ ने जोश इंग्लिस के साथ मिलकर 46 रनों की साझेदारी की और पारी को संभालने की कोशिश की. लेकिन 15वें ओवर में 79 के स्कोर पर इंग्लिस भी चलते बने और विकेटों की झड़ी लग गई. अगले 3 ओवर में एरोन हार्डी, ग्लेन मैक्सवेल और स्टीव स्मिथ भी पवेलियन लौट गए. इस तरह 83 रन के स्कोर तक 7 बल्लेबाज आउट हो गए. वहीं 107 रन तक जाते-जाते बचे हुए.

मेदवेदेव ने पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट को 6-2, 6-4 से हराया

नई दिल्ली.

रूसी टेनिट स्टार डेनियल मेदवेदेव ने ओपन 13 प्रोवेंस टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांसीसी खिलाड़ी पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट को 6-2, 6-4 से हराकर सीजन के पहले क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। यह मुकाबला वर्ल्ड नंबर 8 के लिए खास रहा क्योंकि उन्होंने अपने पहले सर्व पर 90 प्रतिशत अंक जीते।

मेदवेदेव के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस साल की शुरुआत उनके लिए कुछ खास नहीं रही थी। ऑस्ट्रेलियन ओपन में उन्हें दूसरे दौर में ही हार का सामना करना पड़ा था, जहां अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टिएन ने उन्हें हराया था। इसके बाद रोटरडैम में भी वे दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए और वहां इतालवी खिलाड़ी मैटिया बेलुची से हार गए थे।मैच के बाद मेदवेदेव ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में मैं जल्दी हार गया था। मुझे लगा कि जब मैं ऑस्ट्रेलिया में अच्छा खेलता हूं, जो कई बार हुआ है, तो मेरा शरीर पहले से ही थक जाता है। इसलिए मैं थोड़ा धीमा खेलना चाहता था। लेकिन मैंने दो मैच खेले, भले ही वे कठिन थे। उन्होंने कहा कि मार्सिले का टूर्नामेंट उन्हें पसंद है और यहां अच्छा प्रदर्शन करना उनका लक्ष्य है।

वाइल्ड कार्ड मेदवेदेव रोम में मई 2023 में जीतने के बाद से कोई खिताब नहीं जीते हैं। अब क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ से होगा, जिन्होंने ह्यूगो ग्रेनियर को 6-4, 5-7, 6-4 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। यह मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है। इससे पहले, चीनी खिलाड़ी झांग झिझेन ने बड़ा उलटफेर करते हुए चौथी वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्काज़ को 6-4, 6-7(1), 6-3 से हराकर अपने करियर का 11वां एटीपी टूर क्वार्टर फाइनल खेला। हार्ड कोर्ट पर शीर्ष 20 खिलाड़ी के खिलाफ यह उनकी पहली जीत थी।

भारतीय खिलाड़ी ने 27 बैग के साथ किया था ट्रेवल

नई दिल्ली.

चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे से जुड़ी एक खबर ने बवाल खड़ा कर दिया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीम इंडिया का एक खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अपने साथ 27 बैग और ट्रॉली बैग लेकर गया, जिसमें 17 बैट थे और परिवार के साथ पर्सनल स्टाफ के भी सामान थे. इन लगेज का वजन 250 किलो के आसपास था. ऑस्ट्रेलिया में भी इस खिलाड़ी ने हर जगह इस लगेज के साथ ट्रेवल किया था. इससे बीसीसीआई को परेशानी हुई और उसका लाखों में खर्चा भी बढ़ा. इस खबर के सामने आने के बाद से ही फैंस सवाल पूछ रहे हैं क्या ये खिलाड़ी भारतीय कप्तान रोहित शर्मा थे या स्टार बल्लेबाज विराट कोहली?

विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहले मैच से ही टीम इंडिया के साथ ट्रेवल कर रहे थे. इस दौरान उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा और दोनों बच्चे भी साथ थे. भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दूसरे टेस्ट से भारतीय टीम के साथ जुड़े थे. हालांकि, उनकी पत्नी रितिका साथ नहीं थीं, क्योंकि उन्होंने कुछ दिन पहले ही दूसरे बच्चे को जन्म दिया था. इस हिसाब से देखें तो जाहिर तौर पर विराट के पास रोहित से ज्यादा लगेज होगा. लेकिन 27 बैग लेकर जाने वाले वही खिलाड़ी है, ये दावे के साथ नहीं कहा जा सकता है. इसका कोई भी आधिकारिक खुलासा नहीं हुआ है. हां, ये जरूर है कि फैंस अपने हिसाब से सोशल मीडिया पर कयास लगाने की कोशिश कर रहे हैं.

अब से टूर्नामेंट के दौरान कोई भी खिलाड़ी अपना पर्सनल स्टाफ जैसे- शेफ, पर्सनल मैनेजर, ट्रेनर, सेक्रेटरी या कोई असिस्टेंट लेकर नहीं जाएगा. वहीं, खिलाड़ियों को पूरे प्रैक्टिस सेशन के दौरान साथ रहना होगा और वेन्यू पर साथ में ही ट्रेवल करना होगा. टीम इंडिया के किसी भी खिलाड़ी को अब हवाई यात्रा के दौरान 150 किलो से ज्यादा सामान लेकर जाने की इजाजत नहीं है. इससे ज्यादा सामान होने पर खिलाड़ी को एयरलाइंस को अतिरिक्त पैसा खुद भरना होगा.

बीसीसीआई ने मजबूर होकर बनाया नियम

रिपोर्ट के मुताबिक 27 बैग ले जाने वाले खिलाड़ी का असर दूसरे प्लेयर्स पर भी पड़ा. वो भी अलग गाड़ियों में ट्रेवल करने लगे थे. बीसीसीआई का खर्च बढ़ गया था और उसे लॉजिटिक्स को मैनेज करने में दिक्कत आ रही थी. इसलिए मजबूर होकर दौरे के बाद इस पर एक्शन लिया और 10 सूत्री नियम बनाए. हाल ही में आधिकारिक तौर पर बोर्ड ने रोहित शर्मा समेत बाकी खिलाड़ियों को भी इसकी जानकारी दे दी है. दुबई में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी में सभी खिलाड़ियों को नियमों को फॉलो करना होगा.

परपुरुष के प्रति प्रेम और स्नेह, व्यभिचार नहीं

अपने पति के अलावा किसी और के प्रति प्रेम और स्नेह तब तक व्यभिचार नहीं माना जाएगा जब तक कि वह उस व्यक्ति के साथ शारीरिक संबंध में न हो

जबलपुर.

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने माना है कि पत्नी का अपने पति के अलावा किसी और के प्रति प्रेम और स्नेह तब तक व्यभिचार नहीं माना जाएगा जब तक कि वह उस व्यक्ति के साथ शारीरिक संबंध में न हो। याचिका की सुनवाई करते हुए एमपी हाई कोर्ट के जस्टिस जीएस अहलूवालिया ने कहा कि "किसी पत्नी का अपने पति के अलावा किसी अन्य पुरुष के प्रति प्रेम और स्नेह तब तक व्यभिचार नहीं माना जाएगा जब तक कि वह उस व्यक्ति के साथ शारीरिक संबंध में न हो"।

हाई कोर्ट ने पति की दलील को किया खारिज: कोर्ट ने पति की इस दलील को खारिज कर दिया कि चूंकि उसकी पत्नी किसी और से प्रेम करती है, इसलिए वह भरण-पोषण पाने की हकदार नहीं है। पिता द्वारा संपत्ति से बेदखल करने और कम मासिक आय की नौकरी का हवाला देकर छिंदवाड़ा के रहने वाले पति ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। निचली अदालत के द्वारा गुजारा भत्ता देने के आदेश के खिलाफ पति ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

याचिका में पति ने ससुराल छोड़कर मायके जाने और दूसरे पुरुष से बात किए जाने को आधार बनाकर कहा था कि उसकी पत्नी गुजारा भत्ता पाने की हकदार नहीं है। पतिकोअबदेनाहोगापत्नीकोगुजाराभत्ता हाई कोर्ट ने निचली अदालत के उस फैसले को बरकरार रखा जिसमें पत्नी को 4000 रुपए गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया गया था।

हाई कोर्ट ने कहा कि पति को हर हाल में पत्नी को गुजारा भत्ता देना पड़ेगा।

हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को दीये नसीहत : हाई कोर्ट ने पति की कम आय की दलील को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि पति की कम आय की दलील गुजारा भत्ता देने से इनकार करने का मापदण्ड नहीं है। यदि आवेदक ने यह जानते हुए भी कि वह अपनी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में भी सक्षम नहीं है, किसी लड़की से विवाह किया है तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार है, लेकिन यदि वह शारीरिक रूप से सक्षम व्यक्ति है, तो उसे अपनी पत्नी का भरण-पोषण करने या भरण-पोषण राशि का भुगतान करने के लिए कुछ कमाना होगा।

अपमानजनक टिप्पणी के लिए सपा विधायक दोषी

शामली.

11 वर्षों में 129 सुनवाई के बाद कैराना की एक विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने समाजवादी पार्टी के विधायक नाहिद हसन पर 100 रुपये का जुर्माना लगाया है। जानकारी के अनुसार, शामली जिले की एक स्थानीय अदालत ने वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव के दौरान गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए सपा विधायक नाहिद हसन को गुरुवार को दोषी ठहराया। अभियोजन पक्ष के अधिकारी के अनुसार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतिभा की अदालत ने नाहिद हसन पर 100 रुपये का जुर्माना लगाया और भुगतान न करने की स्थिति में एक महीने कारावास की सजा सुनाई।

सहायक अभियोजन अधिकारी उतेश जौहरी ने बताया कि नाहिद हसन के खिलाफ 28 मार्च 2014 को शामली में तत्कालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 171 के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि हसन पर आरोप था कि कैराना से लोकसभा चुनाव लड़ते समय उन्होंने शामली में एक चुनावी रैली के दौरान यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती के साथ-साथ गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। नाहिद हसन को 28 मार्च 2014 को शामली के आजाद चौक में एक कार्यक्रम में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार और बसपा प्रमुख मायावती के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

उस समय कैराना से सपा उम्मीदवार हसन ने उनकी अविवाहित स्थिति का मजाक उड़ाया और बसपा के चुनाव चिह्न हाथी का संदर्भ देते हुए टिप्पणी की थी। अगले दिन उनके खिलाफ शामली कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया।

ई-रिक्शा से जिंदा लौटे खूंटी गुरु

> भगदड़ के बाद लगा बाबा अब नहीं रहे

> तेरहवीं के दिन आए वापस

प्रयागराज.

महाकुंभ मेले में हर रोज लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मेला परिसर में कई चमत्कारिक घटनाएं भी हो रही हैं। संगम नगरी के जीरो रोड इलाके में अपना अधिकतर समय बिताने वाले फक्कड़ स्वभाव के खूंटी गुरु (65 वर्षीय) ने तब उपस्थित होकर लोगों को चकित कर दिया, जब उनके लिए ब्राह्मण भोज (तेरहवीं) देने की तैयारी चल रही थी। खूंटी गुरु मौनी अमावस्या को हुई भगदड़ के बाद से लापता थे। कई दिन तक उनका कोई पता नहीं चल पाया। इसके बाद उनके दोस्तों ने 13 ब्राह्मणों को भोज देने (तेरहवीं) की तैयारी की थी। भोज देने की तैयारी चल ही रही थी कि ई-रिक्शा से खूंटी गुरु घर पहुंच गए। दोस्तों में उन्हें जीवित खुशी की लहर दौड़ गई। भगदड़ के बाद घर न लौटने पर हुआ इंतजार जीरो रोड इलाके में रहने वाले समाजसेवी बाबा अवस्थी ने बताया कि खूंटी गुरु 29 जनवरी को मौनी अमावस्या का स्नान करने के लिए गए थे। मौनी अमावस्या के दिन

भगदड़ के बाद से वह घर नहीं लौटे, मोहल्ले के उनके साथियों ने कई दिनों तक उनका इंतजार किया। तेरहवीं के दिन जिंदा घर आए खूंटी गुरु समाजसेवी बाबा अवस्थी ने बताया कि खूंटी गुरु फक्कड़ किस्म के व्यक्ति हैं। भजन में अपना समय व्यतीत करते हैं। उनके पास मोबाइल फोन भी नहीं है। उन्होंने कहा, 'भगदड़ की घटना के 12 दिन बीत जाने पर मोहल्ले के लोगों को आशंका हुई कि खूंटी गुरु के साथ कोई अनहोनी हो गई होगी और पिछले मंगलवार को लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ब्राह्मण भोज कराने की तैयारी की थी, तभी ई-रिक्शा से खूंटी गुरु घर पहुंच गए।' खूंटी गुरु को देखकर लोगों में खुशी अवस्थी ने कहा, 'सभी उन्हें देखकर चकित रहे गए। बाद में भोज के लिए बना खाना खूंटी गुरु की सकुशल वापसी की खुशी में लोगों ने आपस में बांटकर खा लिया।' उन्होंने कहा कि खूंटी गुरु से जब पूछा गया कि वह इतने दिन कहां थे, तो उन्होंने बताया कि वह मेले में नागा साधुओं के यहां भजन और भोजन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनको वहां बड़ा आनंद आ रहा था, इसलिए वह इतने दिन वहीं टिके रहे।' अभय अवस्थी ने कहा कि खूंटी गुरु अविवाहित हैं। उनके परिवार में केवल एक बहन है, जिनका विवाह हो चुका है।

घर मालिकों को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दी बड़ी राहत

> नहीं गिराए जाएंगे 81फ्लैट

लखनऊ.

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने प्राधिकरण द्वारा 81 अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को फ्लैट खाली करने के नोटिस पर रोक लगाते हुए फ्लैट मालिकों को राहत प्रदान की। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने ये नोटिस जारी किए थे। 'रॉयल ग्रीन अपार्टमेंट' के फ्लैट न गिराने का आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति ओमप्रकाश शुक्ला की पीठ ने लखनऊ महानगर स्थित 'रॉयल ग्रीन अपार्टमेंट' के कुछ फ्लैट मालिकों द्वारा दायर रिट याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने अपार्टमेंट को गिराने पर रोक लगा दी है। करीब 19 साल पुराना है मामला इससे पहले प्राधिकरण के अधिवक्ता रत्नेश चंद्र ने पीठ को बताया कि एलडीए ने 2012 की जनहित याचिका में समन्वय पीठ द्वारा पारित आदेश के कारण उक्त अपार्टमेंट

को गिराने की कार्रवाई शुरू की है। प्राधिकरण ने करीब 19-20 साल पहले अपार्टमेंट के बिल्डरों को जारी किए गए आदेशों के अनुपालन में उक्त अपार्टमेंट को ध्वस्त करने के लिए यह पहल की थी। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह उन एलडीए अधिकारियों की जवाबदेही तय करेगी, जो 19 साल पहले बिल्डरों को जारी किए गए ध्वस्तीकरण आदेशों का पालन करने में विफल रहे थे।

पीठ का मानना था कि बिल्डरों की गलती के लिए, फ्लैट मालिकों को नुकसान नहीं उठाना चाहिए, जिन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से फ्लैट खरीदे थे और उन्हें बिल्डरों को दिए गए नोटिस के बारे में पता नहीं था।

अहमद पटेल के बेटे ने कांग्रेस से तोड़ा नाता

भरुच.

कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता रहे अहमद पटेल के बेटे फैसल अहमद पटेल ने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह दिया है। फैसल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कांग्रेस से रिश्ते खत्म करने के बारे में ऐलान किया। फैसल अहमद पटेल के काफी लंबे समय से कांग्रेस से नाराज होने की खबरें सामने आ रही थीं। कांग्रेस छोड़ने को लेकर फैसल ने कहा कि उन्होंने बहुत दर्द और पीड़ा के साथ कांग्रेस के लिए काम बंद करने का फैसला किया है।

क्या बोले फैसल पटेल? कांग्रेस छोड़ने को लेकर किए गए अपने ट्वीट में फैसल पटेल ने कहा- "बहुत दर्द और पीड़ा के साथ, मैंने कांग्रेस के लिए काम करना बंद करने का फैसला किया है। यह कई वर्षों तक एक कठिन

यात्रा रही है। मेरे दिवंगत पिता अहमद पटेल ने अपना पूरा जीवन देश, पार्टी और गांधी परिवार के लिए काम करते हुए दिया। मैंने उनके नक्शेकदम पर चलने की कोशिश की लेकिन हर कदम पर मुझे नकार दिया गया। मैं किसी भी संभव तरीके से लोगों के लिए काम करना जारी रखूंगा। कांग्रेस पार्टी हमेशा की तरह मेरा परिवार रहेगी। मैं उन सभी कांग्रेस नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मेरा समर्थन किया।" कांग्रेस के दिवंगत नेता अहमद पटेल के बेटे फैसल पटेल ने इससे पहले भी पार्टी छोड़ने का संकेत दिया था। करीब दो साल पहले अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर फैसल ने कहा था कि वह इंतजार करते हुए थक चुके हैं, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व की तरफ से कोई उत्साह नजर नहीं आ रहा है और ऐसे में उन्होंने अपने विकल्प खुले रखे हैं। उन्होंने ट्वीट किया था- ''इंतजार करते हुए थक गया हूं। शीर्ष नेतृत्व से कोई उत्साह नहीं मिला। मेरे विकल्प खुले हुए हैं।''

मंदिर में उत्सव के दौरान भड़के हाथी

> भगदड़ में 3 लोगों की मौत

कोझिकोड.

केरल के कोझिकोड में एक दिल दहला देने वाली घटना देखने को मिली है। दरअसल यहां गुरुवार को एक मंदिर उत्सव के दौरान दो हाथियों के भड़क जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। यह घटना कोयिलैंडी के कुरुवंगड में मनकुलंगरा मंदिर में उत्सव के दौरान घटी। मृतकों की पहचान लीला, अम्मकुट्टी अम्मा और राजन के रूप में हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हाथियों के भड़क जाने के बाद वहां भगदड़ मच गई जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। भगदड़ में लगभग तीस अन्य लोग घायल गए , जिसमें से 8 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज और नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।



गुस्साए हाथी, मची भगदड़, तीन लोगों की हो गई मौत बता दें कि यह हादसा तब हुआ जब मंदिर में आतिशबाजी हो रही है। इससे परेशान एक हाथी ने पास के ही एक हाथी पर हमला कर दिया। इसके बाद हाथियों से डरकर लोग इधर-उधर भागने लगे। कुछ देर की मशक्कत के बाद महावत हाथियों पर काबू पाने में सफल हो गए।

लेकिन तब तक भीड़ में कई लोग कुचले जा चुके थे। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। दरअसल इससे पहले वायनाड जिले में एक जंगली हाथी के संदिग्ध हमले में 27 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी थई। वायनाड में हाथी के कुचलने से एक व्यक्ति की मौत पुलिस ने बताया कि मेप्पाडी पुलिस थाना की सीमा के अंतर्गत अट्टामाला के एक आदिवासी बस्ती की यह घटना बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की पहचान आदिवासी समुदाय के सदस्य बालकृष्णन के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि यह घटना मंगलवार रात को हुई और उसका शव बुधवार को मिला।

आरजेडी विधायक के समर्थकों ने मुझे पीटा, पेशाब पिलाया

पूर्णिया.

बिहार के पूर्णिया जिले में जनता दल यूनाइडेट (जदयू) के एक नेता ने गुरुवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक स्थानीय विधायक के समर्थकों ने उनकी पिटाई की और उन्हें कथित तौर पर पेशाब पीने के लिए मजबूर किया। बायसी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) आदित्य कुमार के अनुसार, पीड़ित रेहान फजल की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है और उनका एक स्थानीय अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

पुलिस ने एफआईआर में विधायक समेत आधा दर्जन लोगों को आरोपी बनाया है। अधिकारी ने बताया, "फजल ने आरोप लगाया कि बुधवार रात बायसी से विधायक के गुंडों ने उसका अपहरण कर लिया और विधायक के आवास पर ले गए।" कुमार ने बताया, "उसे संदेह है कि विधायक उससे नाराज थे, क्योंकि वह जमीन हड़पने और परिवार के सदस्यों के नाम पर फर्जी मनरेगा जॉब

कार्ड बनाने जैसे उसकी गतिविधियों को उजागर कर रहा था।" फजल ने आरोप लगाया कि उसे डंडे और मोटरसाइकिल के 'शॉक एब्जॉर्बर' से पीटा गया। पीड़ित ने बताया कि आरजेडी विधायक ने अपने परिवार के सभी लोगों का जॉब कार्ड बनवा रखा है।

यह कार्ड मनरेगा योजना के तहत बनता है। इसके अलावा विधायक ने एक महिला की जमीन भी अवैध तरीके से हड़प ली थी। इस मामले में भी पीड़ित नेता महिला की मदद कर रहा था। उसने आरोप लगाया कि जब वह बाजार गया तो विधायक के गुंडों ने उसका अपहरण कर लिया और उसकी जमकर पिटाई की। पीड़ित के हाथ-पैर में फ्रैक्चर अधिकारी ने बताया कि उसके एक हाथ और एक पैर में फ्रैक्चर हो गया है।

हाई कोर्ट ने पार्क से पेश होने वाले वकील को लगाई फटकार

> 'हाइब्रिड' अदालत अब भी न्यायालय

नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने पार्क से 'वर्चुअल' माध्यम से अदालत में पेश होने वाले एक वकील को फटकार लगाई और कहा कि 'हाइब्रिड' अदालतें भी न्यायालय ही हैं और उनमें शिष्टाचार बनाए रखा जाना चाहिए। जस्टिस गिरीश कठपालिया ने कहा कि वकील ने अदालत का आदेश सुनाने के दौरान अपना वीडियो भी बंद कर दिया था। अदालत ने कहा कि जब कोई वकील अपने कार्यालयों में बैठकर एक ही दिन विभिन्न अदालत परिसरों में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होना चाहता है, तो वह सुविधानुसार और बेहतर तरीके से अदालतों की सहायता कर सकता है। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट एक अपील पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान अपील करने वाले याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील पार्क में खड़े होकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश हो रहे थे।

इसी पर कोर्ट ने उसे फटकार लगाई है। अदालत ने कहा, ''लेकिन इसके लिए, वकील को यह समझना होगा कि अदालत की गरिमा को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

अक्सर, वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होने वाले वकील की ओर से कनेक्टिविटी की समस्या के कारण वकील की दलील नहीं सुनाई देती है। अक्सर, वीडियो चालू नहीं होता है। हाइब्रिड अदालतें भी न्यायालय ही हैं।''

हाई कोर्ट ने जारी किए निर्देश: अदालत ने कहा, ''कोई वकील हाथ में मोबाइल फोन लेकर पार्क में खड़ा होकर अपीलकर्ताओं के वकील के रूप में पेश होना चाहता है.

यहां तक कि इस अदालत की दैनिक कार्यसूची में भी वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होने के दौरान शिष्टाचार बनाए रखने के विशिष्ट निर्देश प्रतिदिन जारी किए जाते हैं। लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।'' इसलिए इसने दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन और दिल्ली के सभी जिलों के बार एसोसिएशनों को निर्देश दिया कि वे अपने सदस्यों को इस बारे में जागरूक करें कि वे सुनवाई में वर्चुअल रूप से कैसे पेश हों।

अमेरिका और इजरायल की धमकी के आगे झुका 'हमास'

गाजा. अमेरिका और इजरायल द्वारा सीजफायर समझौते को तोड़ने और गाजा में दोबारा हमले की चेतावनी के बाद हमास के सुर नरम पड़ गए हैं। हमास ने गुरुवार को योजना के अनुसार इजरायली बंधकों को रिहा करने की घोषणा की है। बता दें कि इससे पहले सोमवार को हमास ने गाजा में राहत सामग्री नहीं पहुंचाने समेत कई अन्य आरोप लगाकर कहा था कि इजरायल समझौते का उल्लंघन कर रहा है और इस कारण वह शनिवार को होने वाली तीन और बंधकों की रिहाई टाल रहा है। हमास के इस कदम के बाद गाजा में सीजफायर खतरे में पड़ गया था। हमास ने गुरुवार को बंधकों की रिहाई से जुड़ा बयान जारी करते हुए कहा- "मिस्र और कतर के मध्यस्थों ने पुष्टि की है कि वे सभी बाधाओं को दूर करने के लिए काम करेंगे और संघर्ष विराम समझौता लागू होगा।" हमास के बयान में संकेत दिया गया है कि शनिवार को तीन और इजराइली बंधकों को रिहा किया जाएगा।

डिजिटल फ्रॉड के बड़े गिरोह का हुआ पर्दाफाश

> क्राइम ब्रांच ने 10 आरोपियों को किया गिरफ्तार

अहमदाबाद.

गुजरात में अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने डिजिटल फ्रॉड से जुड़े एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चांदखेड़ा इलाके से लोगों को ठगने के मामले में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी पिछले 4 महीनों में 150 से ज्यादा फर्जी बैंक अकाउंट्स खोलकर ऑनलाइन ठगी के लाखों रुपये का लेन-देन कर चुके थे। ठकी की रकम को या तो विदेशों में ट्रांसफर किया गया था, या फिर क्रिप्टोकरेंसी में कन्वर्ट कर लिया गया था। पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह राजस्थान के विभिन्न हिस्सों से आकर अहमदाबाद के चांदखेड़ा इलाके में एक किराए के फ्लैट में रुका हुआ था। मजदूरों के नाम पर खुलवाते थे अकाउंट

पुलिस ने बताया कि गिरोह के सदस्य जोधपुर और आसपास के इलाकों से गरीब मजदूरों को अहमदाबाद लाकर उनके नाम पर फर्जी आधार कार्ड बनवाकर बैंक अकाउंट्स खुलवाते थे। इन खाता धारकों को 'म्यूल' (भाड़े पर रखने के लिए खाता खोलने वाले व्यक्ति) के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। आरोपियों ने गुजरात के विभिन्न शहरों में भी ऐसे अकाउंट्स खुलवाए, ताकि ठगी की रकम को एक खाते से दूसरे खाते में ट्रांसफर किया जा सके और फिर उसे क्रिप्टोकरेंसी के रूप में विदेश भेजा जा सके। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी पुलिस के मुताबिक, गिरोह का सरगना और उसके सहयोगी इन फर्जी अकाउंट्स में से पैसे दूसरे खातों में ट्रांसफर करते थे और फिर उसे क्रिप्टोकरेंसी में कन्वर्ट करके चीन भेज देते थे। आरोपियों ने इन खाता धारकों से पैसे पार्क करने के लिए पहले चरण में रकम जमा करवाई, जिसे बाद में ठगी के काम में इस्तेमाल किया गया। अहमदाबाद पुलिस का कहना है कि डिजिटल फ्रॉड के मामलों में उनका पूरा ध्यान अब बैंक अकाउंट्स को ट्रेस करने पर है, ताकि ठगी के पैसों के फ्लो को शुरुआती स्तर पर ही रोका जा सके। पुलिस ने अब तक गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है और इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

भगवंत मान सरकार का राज्य कर्मचारियों और पेंशनर्स को बड़ा तोहफा

चंडीगढ़.

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनर्स को बड़ा तोहफा दिया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, पंजाब सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनर्स को 14,000 करोड़ रुपये का बकाया चुकाने की मंजूरी दे दी है। यह बकाया 01 जनवरी 2016 से लेकर 30 जून 2022 तक के वेतन/पेंशन और अवकाश नकदीकरण का है। इसके अलावा इसमें 01 जुलाई 2021 से 31 मार्च, 2024 तक का महंगाई भत्ता/महंगाई राहत भी शामिल है। इस धनराशि को कई फेज में जारी किया जाएगा, जिससे

राज्य के 3 लाख कर्मचारी और 3 लाख पेंशनर्स को बड़ी राहत मिलेगी।

60,000 नई नौकरियों को भी मिली मंजूरी कैबिनेट ने राज्य में 60,000 नई नौकरियों के सृजन को भी मंजूरी दी है। इनमें से कुछ नई पोस्ट पंजाब राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण में 22 नए लोक अदालतों के लिए, जबकि अन्य पदों का सृजन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, एक्साइज विभाग और अन्य विभागों में किया जाएगा। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 1500 एकड़ भूमि पर घरों का निर्माण किया जाएगा। इस उद्देश्य के लिए राज्य सरकार ने भूमि के उचित उपयोग की नीति को मंजूरी दी है, जिससे ईडब्ल्यूएस के लिए किफायती आवास सुनिश्चित किया जाएगा। पंजाब में होगी विशेष अदालतों की स्थापना एनआरआई नागरिकों को न्याय मिलने में तेजी लाने के लिए पंजाब सरकार ने राज्य के 6 जिलों में विशेष फास्ट ट्रैक एनआरआई अदालतों की स्थापना को मंजूरी दी है। इन अदालतों का गठन जालंधर, होशियारपुर, कपूरथला, शहीद भगत सिंह नगर, मोगा और लुधियाना में किया जाएगा। इसके अलावा कैबिनेट ने कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए 200 सौर पंपों की स्थापना के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है, जिसमें 90% वित्तीय सहायता राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। वहीं, लुधियाना में प्रदूषण को कम करने के लिए बायो-मीथनेशन संयंत्र की स्थापना भी स्वीकृत की गई है।